तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 20.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025


10
दुर्ग में पांच तालाबों में छठ उत्सव की तैयारी



# दीपावली पर्व में ट्विनसिटी के लोगों ने 21 फीसदी ज्यादा बिजली जलाई

**पिछले साल दिवाली पर्व पर शहर के उपभोक्ताओं ने 110 मेगावाट बिजली की खपत की थी, इस बार 125 मेगावाट खपत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिवाली पर्व पर ट्विनसिटी जमकर रौशन हुई। लोगों के घर और मार्केट विभिन्न प्रकार के झालरों से खूब जगमगाए। जिसकी वजह से बिजली की खपत भी बढ़ गई। इस दिवाली पर लोगों ने पिछले साल की अपेक्षा 21 फीसदी बिजली ज्यादा जलाई। पिछले साल याने वर्ष 2024 की दिवाली में शहर के उपभोक्ताओं ने 110 मेगावॉट बिजली जलाई थी। इस बार बिजली की खपत 125 मेगावॉट की रही।

खास खबर

### दुर्ग सर्किल में त्यौहार पर 322 मेगावॉट बिजली जली

शहरी क्षेत्र की अपेक्षा दिवाली पर ग्रामीणों ने त्यौहार में कम बिजली जलाई। दुर्ग सर्किल के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहार पर 197 मेगावॉट बिजली की खपत हुई है। आम दिनों में भी बिजली का लोड इसी तरह रहता है। पिछले साल यानी वर्ष 2024 में भी यही स्थिति थी। जिसकी वजह से इस त्योहार में बिजली की कुल खपत दुर्ग सर्किल में कुल 322 मेगावॉट की हुई।



### फ्यूल कॉल व बिजली बंद की शिकायतें हुई आधी

इस दिवाली पर विद्युत वितरण कंपनी ने बड़ी राहत की सांस ली है। दिवाली पर आमतौर पर बिजली बंद होने या लोड बढ़ने से फीडर ट्रिप होने की शिकायतें आती है। इस बार शिकायतें आधी आई। विभागीय जानकारी के मुताबिक दुर्ग सर्किल में फ्यूल कॉल की केवल 40 शिकायतें ही हुई है। पिछली दिवाली में केवल फ्यूल कॉल की ही समस्या 100 तक जा पहुंची थी। अधिकारियों ने बताया कि दिनभर कम कम्प्लेन आए है।

### केवल दो मिनट के लिए हुआ ट्रिपिंग

विद्युत वितरण कंपनी ने इस दिवाली पर मुस्तैदी से काम लिया। नतीजा केवल दो मिनट के लिए केवल एक क्षेत्र में लोड बढ़ने की वजह से बिजली ट्रिप हुई। उसके बाद पूरी रात कोई समस्या नहीं आई। विभाग के लिए लोड बढ़ना और उसे मेंटन करना एक बड़ी चुनौती थी। इस चुनौती पर विभाग खरा उतरा।

### इस रणनीति की वजह से मिली सफलता, जानिए

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा त्यौहारी सीजन में लोड न बढ़े इसके लिए लोड का बंटवारा किया गया था। यह रणनीति बना ली गई थी कि यदि एक क्षेत्र का लोड बढ़ता है तो कम लोड वाले क्षेत्र से कनेक्शन जोड़कर उसे मेंटन कर लिया जाए। इसी तरह सब स्टेशनों में फीडरों की पूरे समय निगरानी करवाई गई। जिसके लिए तकनीकी विशेषज्ञ यानी इंजीनियरों को भी तैनात किया गया था। फ्यूज कॉल को तत्काल अटेंड करने के लिए कर्मियों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया था। शिकायत मिलने पर उस क्षेत्र के कर्मी को सूचना का आदान-प्रदान कर सुधार कार्य को अंजाम दिए।

### उद्योग और कृषि पंप नहीं चले

बिजली का ज्यादातर लोड बढ़ने की वजह औद्योगिक और कृषि पंप कनेक्शन हैं। त्यौहार पर उद्योग-धंधे बंद रहे। कृषि पंप भी नहीं चले। अकेले दुर्ग सर्किल में ही करीब 2600 कृषि पंप है। एक साथ चलने से लोड काफी बढ़ जाता है। यह समस्या सामने नहीं आई। जिसकी वजह से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिजली लोड पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा।

**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार, भेजा जेल



**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा नाका सब्जी मण्डी के पास प्लास्टिक बोरी में शराब रखकर अवैध रूप से बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने दबिश देकर दो संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है। उनकी तलाशी लेने पर सफेद रंग के बोरे में देशी शराब की 161 पौवा 15 हजार 100 रूपये का जब्त किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम सिकोला भाठा थाना मोहन नगर निवासी बजरंगी कुर्मी , देवार मोहल्ला सिकोला भाठा कृष्णा कुमार कुर्मी होना बताया है। उक्त कार्यवाही मे थाना मोहन नगर की महत्वपुर्ण भूमिका रही।

### पटाखा फोड़ने से मना किया तो महिला को ही पटाखे से जलाया

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत न्यू संतोषी पारा कैम्प-2 में पटाखा फोड़ने को लेकर उपजे विवाद में प्रियंका नामक महिला पर ही पटाखा फेंककर जला दिया। महिला के पति जितेंद्र चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने गोवर्धन यादव और सूरज यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े 7 बजे की है। जितेंद्र पेशे से क्रेन ऑपरेटर है। पड़ोस में रहने वाले आरोपी गोवर्धन और सूरज पटाखा फोड़ रहे थे। मना करने पर उन्होंने गाली गलौच शुरू कर दिया। इस बीच जितेंद्र की पत्नी प्रियंका बाहर आई। आरोपियों ने जलता हुआ पटाखा उसकी तरफ फेंक दिया, जिससे वह झुलस गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं महिला को उपचार के लिए सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। इसी प्रकार के अन्य घटना में बालकों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बच्चों के पटाखा फोड़ने के दौरान परिजन आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। जांच जारी है।

## बर्खास्त किए गए 25 कर्मियों को अब तक काम पर नहीं रखा शासन ने

# दिवाली पर न वेतन मिला और न ही 5% इंक्रीमेंट 16000 एनएचएम कर्मी जाएंगे फिर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग सहित प्रदेशभर के 16 हजार एनएचएम संविदा कर्मी एक बार फिर हड़ताल पर जाएंगे। इसलिए कि प्रदेश सरकार ने हड़ताल खत्म होने के बाद अपने वायदे पर अमल नहीं किया।

हरिभूमि सरोकार

हाल यह रहा कि दिवाली पर इन कर्मियों को न वेतन मिला और न ही 5 प्रतिशत इंक्रीमेंट। प्रदेश सरकार ने इन कर्मियों को यह आश्वस्त किया था कि बढ़ी हुई सैलरी व 5 प्रतिशत इंक्रीमेंट देंगे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्य उत्सव पर आगमन से पहले 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के एन एच एम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।


फाइल फोटो

### काली दिवाली मनाई कर्मियों ने

छत्तीसगढ़ प्रदेश के एन एच एम कर्मचारियों की दिवाली इस बार काली दिवाली के रूप में मनाई । छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के 33 जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्था फिर रोड़ पर आने वाली है। जिला एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारियों की एम डी रायपुर की प्रियंका शुक्ला द्वारा कर्मचारियों की हित में कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। और ना ही कर्मचारियों को अभी दिवाली में ना सैलरी मिला और ना ही 5 प्रतिशत वेतन जो जुलाई 2023 से मिलना था वो भी नहीं दिया गया। एन एच एम कर्मचारियों को कुछ नहीं मिला जिससे वो इस बार दिवाली नहीं मना सके । और साथ ही समय पर वेतन नहीं मिलता जिससे कर्मचारी को अपना घर और परिवार का भरने पोषण करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अब वो हड़ताल के लिए फिर तैयार हो गए हैं।

### हड़ताल दिवस यानी 33 दिन की सैलरी नहीं

संघ ने बताया कि इससे पहले छत्तीसगढ़ प्रदेश के एन एच एम कर्मचारियों का हड़ताल का एक दिन , दो दिन और 33 दिन वाला अनिश्चितकालीन हड़ताल का भी सैलरी नहीं मिला है। जिससे कर्मचारीयों में काफी आक्रोश है। कभी भी एन एच एम कर्मचारी रायपुर मंत्रालय एमडी प्रियंका शुक्ला और स्वास्थ्य सचिव आफिस घेराव कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को 65 प्रतिशत एन एच एम कर्मचारियों के भरोसे चलतीहै।

### 25 बर्खास्त कर्मियों को नहीं मिला कार्यभार

अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान प्रदेश सरकार ने हड़ताली संविदा एनएचएम कर्मियों पर दबाव बनाने के लिए 25 पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया था। इसके अलावा सभी हड़ताली कर्मियों को भी बर्खास्तगी का आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद प्रदेश सरकार के साथ वार्ता हुई और उनकी मांगों को पूरा करने का शेडयूल भी जारी किया। वार्ता में यह भी तय हुआ था कि हड़ताली कर्मियों को कार्यभार पर वापस आना हैं। इनमें बर्खास्त पदाधिकारियों को भी कार्य में वापस लेना था लेकिन आज तक इन्हे कार्यभार ग्रहण नहीं करवाया गया है। जिसकी वजह से भी कर्मियों में आक्रोश है।

**नंदिनी पुलिस को मिली सफलता**

# मातर में युवक की हत्या आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मातर कार्यक्रम के दौरान युवक की धारदार चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि 22 अक्टूबर की रात ग्राम अरसनारा में मातर का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में अरसनारा निवासी आकाश निर्मलकर अपने दोस्तों के साथ शामिल हुआ था। तभी लुकेश मैत्रेय से किसी बात को लेकर मातर में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी लुकेश ने जेब में रखे चाकू निकालकर आकाश पर ताबडतोड़ कर दिया। घटना में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। हत्या कर आरोपी लुकेश मौके से फरार हो गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया। उसके बाद आरोपी लुकेश की खोजबीन में जुटी रही। हत्या के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में आकाश को कचांदूर स्थित सीएम अस्पताल पहुंचाया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी लुकेश ने आकाश पर हमला कर मौत के घाट किस कारण उतारा इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। आरोपी से पूछताछ के बाद ही हत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा।


मृतक आकाश

### साल भर से मृतक दादी के साथ रहता था

खबरों के मुताबिक मृतक आकाश निर्मलकर साल भर से असरनारा में अपनी दादी के साथ निवास करता था। उसकी मां का निधन पहले ही हो चुका है। बड़ा भाई और पिता कुरुद भिलाई में रहते हैं। घटना की खबर लगते ही परिजन रात को ही अरसनारा पहुंचे थे। शव को देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि आरोपी लुकेश छत्तीसगढ़ के बाहर काम करता है। त्यौहार पर यहां आया हुआ था। आकाश ने कक्षा नौवीं तक की पढ़ाई की है। फेल होने के बाद पढ़ाई छोड़ दिया।

# छेड़खानी के बाद सूर्यामॉल में बवाल, आरोपियों का निकाला जुलूस तो पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत सूर्या मॉल एक बार फिर चर्चा में है। इस पर महिला से छेड़खानी के बाद मॉल में जमकर बवाल हुआ। दो पक्षों में खुलेआम मारपीट हुई। गाली गलौच के साथ सार्वजनिक स्थल पर हंगामा हुआ। फिल्मी स्टाइल में आरोपी मारपीट और गाली गलौच करते नजर आए। इसकी वजह से मौके पर मौजूद लोग दहशत में नजर आए।

महिला से छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सुजीत साव अपने परिवार के साथ पीवीआर में फिल्म देखने बुधवार को गया हुआ था। इस दौरान एक अन्य परिवार भी मॉल गया हुआ था। फिल्म खत्म होने के बाद बाहर निकलते ही महिला के साथ छेड़खानी हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की खबर सूचना पर स्मृति नगर पुलिस काफी देर बाद घटनास्थल पहुंची जब तक माहौल शांत हो चुका था। मामले में पुलिस ने पांच को पकडकर सभी को जेल भेज दिया है। जिसमें सुजीत साव, सागर, शिवपूजन, जिजर, सुजीत शामिल है। पांच को पुलिस आरोपियों की तरह स्मृति नगर पुलिस जूलुस निकालकर सड़कों पर घुमाती रही। सूर्यामॉल में इस तरह की घटना आम हो गई है। यहां लोग अपने परिवार को लेकर फिल्म देखने को आने के लिए असहज महसूस करते है। लेकिन स्मृति नगर पुलिस चौकी मॉल से कुछ ही दूरी पर है लेकिन पुलिस की इतनी बढ़ी लापरवाही के कारण भी पुलिस सीख नहीं ले पा रही है। स्मृति नगर पुलिस लोगों की सुरक्षा व्यवस्था करने में पूरी तरह फेल हो चुकी है।





### स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र बना अपराधों का गढ़

स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सूर्यामॉल में अक्सर मारपीट, छेड़खानी और असामाजिक तत्वों द्वारा कई बार हंगामा और मारपीट की घटना सामने आ रही है। पुलिस इस पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से फेल रही है। पुलिस सुरक्षा देने में नाकाफी साबित हो रही है। दो माह पहले भी दो गुटो में जमकर मारपीट हुआ था, लेकिन पुलिस घटना के बाद पहुंची और दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम कर खानापूर्ति किया। इस तरह स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में दर्जनों ऐसे मामले है जिसे लेकर पुलिस की जांच संदिग्ध साबित हो रही है।

**पुलिस पर कई गंभीर आरोप**

> “मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया गया। लेकिन सुजीत साव समेत उसके युवकों द्वारा मारपीट कर महिला से छेड़खानी की गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
>
> -सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी भिलाई नगर

### धारदार हथियार के साथ छह आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस ने अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों, उपद्रवी तत्वों और धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने, धमकाने वालों को पकड़ा गया है। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुपेला के कोसा नगर मराठी मोहल्ला, आर.के मैदान स्लाटर हाउस, राजीव नगर से आरोपी मोहम्मद रियाज खान उर्फ छोटू भोला गायकवाड़, रोशन यादव लोहे का धारदार चापड़ चाकू लेकर डराते पकड़ा गया। वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी किशन यादव, शेख आरिफ के व्दारा धारदार हथियार चाकू के साथ पकड़ा गया। अण्डा ग्राम निकुम में डोमेन्द्र कुमार सेण्डे को धारदार हथियार चाकू समेत पकड़ा गया है। इसके अलावा अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाऐ रखने के लिए 10 प्रकरणों में 32 आरोपियों पर कार्रवाई की गई। जिसमें उतई से 9, पद्मनाभपुर 5, अंजोरा, नंदिनी नगर से 4-4, मोहन नगर, खुर्सीपार से 2-2, नगपुरा चौकी के आरोपियों पर कार्रवाई की।

### बघेरा में सूने मकान में चोरी, 60 हजार ले भागे चोर

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत बघेरा स्थित सूने मकान में चोरी हो गई।



अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा। अंदर आलमारी में रखे 60 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शिशुपाल सिंह लोक निर्माण विभाग बीजापुर में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ हैं। 21 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे वे परिवार के साथ दिवाली मनाने मालाढबरी घुमका चले गए। 23 अक्टूबर को लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर सामान बिखरे हैं, आलमारी से कैश गायब है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।






## दुर्ग, गोंदिया पटना ट्रेन चलेगी, दोनों रुट पर एक-एक फेर का शेड्यूल जारी

# रेलवे छठपूजा के लिए स्पेशल ट्रेन 25 अक्टूबर को चलाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे ने छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की है। बढ़ती भीड़ और आरक्षण की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए रेलवे दुर्ग-पटना और गोंदिया-पटना के बीच 25 अक्टूबर को एक-एक फेरे के लिए छठ स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है।



पटना ट्रेनों में कुल 1055 आरक्षित बर्थ अभी खाली हैं। रेलवे के मुताबिक ट्रेन 08795 दुर्ग-पटना स्पेशल ट्रेन में 11:30 बजे तक कुल 517 सीटें खाली थीं। इसमें सेकेंड एसी में आरएसी 01, तृतीय एसी में 378 सीटें, स्लीपर क्लास में 53 सीटें और 3 इकोनॉमी कोच में 86 सीटें उपलब्ध हैं। यात्रियों को समय रहते टिकट करवाने की अपील रेलवे ने की है। ताकि छठ पूजा में बिहार जाने वाले यात्रियों को परेशानी न हो। इसी तरह ट्रेन 08889 गोंदिया-पटना स्पेशल ट्रेन में सुबह 11:30 बजे तक 538 सीटें खाली थीं। इनमें सेकंड एसी में 11 सीटें, तृतीय एसी में 1 सीट और स्लीपर क्लास में 526 सीटें शामिल हैं। यह ट्रेन एक बार चलने वाली विशेष सेवा है। दुर्ग समेत पूरे प्रदेश से छठ के समय बिहार और झारखंड की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि होती है। ऐसे में हर वर्ष की तरह इस बार भी यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। इन ट्रेनों के संचालन से छठ पर्व पर अपने घर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

त्योहारों के समय नियमित ट्रेनों में भारी प्रतीक्षा सूची के चलते बड़ी संख्या में यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाता। इस स्थिति से निपटने के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

### वेबसाइट पर है सारी जानकारी

रेलवे ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों के समय, ठहराव और किराए की पूरी जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट और स्टेशनों पर जारी की जा रही है। दुर्ग-पटना और गोंदिया-पटना स्पेशल ट्रेनें केवल एक-एक फेरा चलेंगी। इसके लिए अधिकृत एजेंटों से ही टिकट लेने और किसी भी तरह की फर्जीवाड़े से बचने की अपील रेलवे ने की है।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# साकेत नगर, पुष्पक नगर सहित 40 जगहों पर अवैध प्लाटिंग को लेकर नोटिस

**राज्य शासन के आदेश के बाद नगर निगम भिलाई ने कराया सर्वे, उप पंजीयक को रजिस्ट्री पर रोक लगाने लिखा पत्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

राज्य शासन के आदेश के बाद नगर निगम भिलाई ने भी अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। साकेत नगर, पुष्पक नगर, कुरुद सहित आसपास के अन्य 40 जगहों पर कार्रवाई की गई है। इन जगहों पर अलग-अलग खसरा नंबर को बैन करने के लिए राजस्व विभाग को लेटर लिखा गया है।

उप पंजीयक को जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने, अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री निरस्त करने सहित एफआईआर के लिए नोटिस किया गया है। बता दें कि इन सभी जगहों पर खेत की जमीन को टुकड़े में काटकर बेच दिया गया है। न ही सीजी रेरा से अनुमति ली गई है, न ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से ले आउट अप्रुवल कराया गया है, सीधे टुकड़ों में काटकर प्लाट बेच दिए गए हैं। इतना ही नहीं साकेत नगर में 50 से ज्यादा लोगों ने खेती जमीन पर मकान बना लिए हैं, जिसका भवन अनुज्ञा तक नहीं लिया गया है। इस खुलासे के बाद नगर निगम भिलाई ने जांच शुरू कर दी है। इन सभी मकानों को नोटिस जारी कर भवन अनुज्ञा की प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा गया है। भिलाई-दुर्ग में लंबे समय से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। मुख्य रूप से शहर की आउटर कॉलोनियों में भूमाफिया सक्रिय हैं। ऐसे सारे खसरा नंबर की जांच कराई जा रही है।

अलग खबर

### न बिजली न पानी और न ही आने-जाने के लिए सड़क, पब्लिक को परेशानी

साकेत नगर में जिस जगह पर अवैध प्लाटिंग की गई है, उस जगह पर न ही बिजली के पर्याप्त इंतजाम हैं, न ही पेयजल सप्लाई हो रही है। सड़क भी नहीं है। बावजूद प्लाटिंग कर करोड़ों रुपए में इन जमीनों को बेच दिया गया है, जबकि रिकार्ड में यह जमीन आज भी खेती के लिए रिजर्व है। राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने इसे लेकर कहीं किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की, जिसके कारण भूमाफियाओं ने यह सारी जमीन बेच दी है। पिछले दिनों जांच के बाद कुछ खसरा नंबर पर बैन भी लगाया गया था, लेकिन राजनीतिक रसूख के कारण पुनः खरीदी-बिक्री को बहाल करा लिया गया। इस प्रकार पिछले करीब तीन सालों से प्रशासन के नाक से नीचे धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। राजस्व महकमें, स्थानीय निकायों और प्रशासनिक तंत्रों के संरक्षण के चलते पिछले कुछ समय में यह कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। बिना डायवर्सन के जमीन को खरीदा और बेचा जा रहा है।



### निगम क्षेत्र में नियमित रूप से की जा रही जांच

नगर निगम क्षेत्र में नियमित रूप से अवैध प्लाटिंग को लेकर जांच की जा रही है। शासन के निर्देश पर नोटिस भी जारी हो रहे है। राजस्व विभाग, उपपंजीयक को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। कुछ क्षेत्रों में नोटिस भी जारी किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले खसरा नंबर को बैन करने की सिफारिश की जाएगी।

**-राजेंद्र दोहरे,** अपर आयुक्त नगर निगम भिलाई

### दुर्ग में बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, जेवरा-सिरसा में अवैध प्लाटिंग

जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, बेलौदी, जेवरा-सिरसा, चिखली, उरला, मोहलाई, अंजोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। सस्ते दरों में प्लॉट उपलब्ध कराए जाने का झांसा देकर लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। रोड-रास्ता बताकर जमीन का सौदा कर रहे हैं। दुर्ग निगम ने श्रीराम बिल्डर, आरवी हाउसिंग, अष्ट विनायक हाउसिंग, कुमावत बिल्डर, राधा बिल्डर, बत्रा बिल्डर, मल्हार बिल्डर, बालाजी बिल्डर और तिरुपति विहार सहित कई अन्य बिल्डरों को नियमों की अनदेखी कर भूखंड बेचने और मकान निर्माण करने की शिकायतों के बाद नोटिस जारी किया है। इन बिल्डरों के खिलाफ लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि बोरसी, पोटिया, पटरी पार और नदी रोड क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जहां सड़क, नाली, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। नोटिस में कहा गया है कि बिल्डर द्वारा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग और नगर निगम से अनुमति लिए बिना मकान निर्माण और विक्रय किया जा रहा है, जो नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप

### रबी उत्पादक कृषकों को 2.68 करोड़ का भुगतान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रुआबांधा द्वारा रबी 2024-25 के दौरान 256 बीज उत्पादक कृषकों से उपार्जित बीज के मानक पाई गई मात्रा 4410.75 क्विंटल गेंहू, चना, तिवड़ा, सरसों, कुसुम और अलसी की प्रथम किस्त के रूप में 1.84 करोड़ का अग्रिम भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। अंतिम भुगतान 84,21,542 रूपए का उनके खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। बीज प्रबंधक एसके बेहरा ने बताया कि बीज निगम द्वारा विभिन्न समितियों में अब तक 1121.20 क्विंटल बीज भण्डारण किया जा चुका है, जिसमें गेंहू 352.40 क्विंटल, चना 661.20 क्विंटल, सरसो 16.40 क्विंटल, तिवड़ा 91.20 क्विंटल आदि प्रमुख है। अभी भी बीज निगम के पास 3268.78 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसका मांग अनुरूप भण्डारण किया जा रहा है।

### जुजीत्सु प्रतियोगिता के लिए अंकित का चयन

**भिलाई।** 1 से 15 नवंबर तक बैंकॉक थाईलैंड में होने वाली विश्व जुजीत्सु प्रतियोगिता में भारतीय दल का चयन सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता सहारनपुर उत्तर प्रदेश में किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ। 63 किलो वजन समूह महिला में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा पिता राणा अजय सिंह डोंगरगढ़ एवं भिलाई निवासी अंकित यालामनचली पिता वाय पन्नी राव 62 किलो वजन समूह में शामिल हैं। दुर्ग जिला सचिव देवा साहू ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। विश्व चैंपियनशिप में आगामी 2026 एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाइंग भी होगा।

### पीएचई की टीम ने पेयजल पाइपलाइन की जांच की, नालियों से गुजरने से बढ़ी दिक्कत

# समोदा में डायरिया का प्रकोप, 62 से ज्यादा मरीज मिल चुके, 15 अब भी भर्ती, तीन संदिग्ध मौतें

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में एक बार फिर डायरिया का प्रकोप है। इस बार ग्राम पंचायत कचान्दुर के आश्रित ग्राम समोदा के ग्रामीण इसका शिकार हो रहे हैं। 4 अक्टूबर के बाद से लगातार यहां उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही हैं। 62 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। 15 मरीजों का अब भी इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसमें एक तीन साल के बच्चे को गुरुवार को ही भर्ती कराया गया है। उनके अलावा एक पुरुष भी उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचा है। बता दें कि तीन संदिग्ध मौतें भी हो चुकी है। हालांकि इन मौतों को लेकर हेल्थ विभाग ने डायरिया को कारण नहीं माना है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि तीनों में उल्टी-दस्त की शिकायत थी। तीनों बुजुर्ग थे।

इन तीन लोगों में लतेल देशमुख (60 वर्ष), प्रहलाद गोंड़ (60 वर्ष) और बिसमत देशमुख (75 वर्ष) शामिल हैं। हेल्थ विभाग की मुताबिक लतेल की मौत सांस लेने में तकलीफ, प्रहलाद की मौत दिल का दौरा और बिसमत की मौत बुजुर्ग होने की वजह से हुई। बहरहाल हेल्थ विभाग की टीम ने गांव में हेल्थ कैम्प लगाया है। वहीं पीएचई की टीम पेयजल के सैंपल लिए हैं। पाइपलाइन में जिस जगह छेद कर पानी लिया जा रहा था, उसे भी बंद करा दिया गया है। माना जा रहा है कि नाली के करीब होने की वजह से इसी जगह से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही थी। पीएचई के अधिकारी प्रकाश ठाकुर, विशाल गेडाम सहित अन्य गुरुवार को पूरे दिन गांव में बने रहे, जहां उन्होंने सप्लाई व्यवस्था की जांच की।



### 450 से ज्यादा घरों का सर्वे, पानी उबालकर पीने की सलाह

जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, एपिडोमियोलॉजिस्ट ऋतिका सोनवानी, बीटीओ निर्मल कुमार टंडन सहित अन्य भी जांच के लिए पहुंचे। डोरटूडोर सर्वे किया गया। 450 से ज्यादा घरों की जांच की गई। इस दौरान कोई भी नया मरीज नहीं मिला, लेकिन गुरुवार की जांच में दो नए मरीज सामने आए। 4 अक्टूबर से अब तक कुल 62 मरीज मिल चुके हैं, जिनमें से 13 मरीजों का जिले के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। 12 मरीज चंदूलाल चंद्राकर कचांदुर भिलाई, 01 निहार अस्पताल व अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले कर वर्तमान में स्वास्थ हैं। संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं हुई है।

### प्रभावित क्षेत्रों में पानी सप्लाई रोकी, सैंपल लिए गए

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान उपस्थित सरपंच अरुण गौतम, उपसरपंच अनुज निषाद, पंचायत सचिव कमला देवांगन व कोतवाल पिताम्बर चौहान को प्रभावित क्षेत्र में पानी के पाईप लाईन को बंद कर, सभी पाइप लाइन की मरमत व साफ-सफाई के लिए कहा गया। सिरसा से पानी टैंकर की व्यवस्था की गई। इसके अलावा संक्रमित क्षेत्र में पानी सैम्पल जांच हेतु लिए गए।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनता को समझाइश दी गई है कि समस्त जनता से अपील करता है कि पानी उबाल कर पिये, सड़े गले सब्जी न खाये, बाहर का खाना बंद करे, मांसाहार ना खाये, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।



### नालियों से गुजारी गई पाइपलाइन, इसलिए दिक्कत

नालियों से पाइपलाइन को गुजारा गया है, इस वजह से दिक्कत बनी हुई है। तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें उल्टी-दस्त की शिकायत थी। प्रशासन भले ही मौत की वजह से दूसरी बता रहा है, लेकिन उनमें डायरिया के लक्षण थे।

**-विनायक ताम्रकार,** अध्यक्ष किसान मोर्चा बीजेपी

### प्रभावित क्षेत्रों में की जा रही जांच

प्रभावित क्षेत्रों में जांच की जा रही है। पीएचई की टीम ने कुछ जगहों पर सप्लाई रोकने कहा है। इसके अलावा सैंपल लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद कारणों का खुलासा होगा।

**-उत्कर्ष पांडेय,** ईई पीएचई दुर्ग

# दुर्ग में पांच तालाबों में छठ उत्सव की तैयारी

**सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर महापौर अल्का ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा छठ पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महापौर अलका बाघमार ने गुरुवार को शहर के प्रमुख तालाबों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शीतला तालाब वार्ड 59, पुजारी तालाब वार्ड 21, रेवा तालाब वार्ड 23, बोरसी तालाब वार्ड 51 एवं सतरुपा शीतला तालाब वार्ड 29 का दौरा किया। सफाई कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों के भीतर जमा कचरा, जलकुंभी, प्लास्टिक और गंदगी को पूरी तरह से हटाया जाए तथा आसपास की जगहों की भी सफाई और समतलीकरण किया जाए। महापौर ने कहा कि छठ पर्व एक आस्था और स्वच्छता से जुड़ा महापर्व है, जिसमें श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए तालाबों में पहुंचते हैं। ऐसे में निगम का दायित्व है कि वे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवेंद्र परिहार, निलेश अग्रवाल, साजन जोसेफ, मनोज सोनी, अरुण सिंह, मीना सिंह, विजय जलकारे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग अमला मौजूद था।

### तालाबों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि तालाबों के किनारों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अस्थायी चेंजिंग रूम तथा सुरक्षा इंतजाम भी समय पर पूरे किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। छठ पर्व सिर्फ पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को हर सुविधा मिले और तालाबों की सुंदरता भी बनी रहे। स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि सफाई दल लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक तालाब क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की गंदगी या जलजमाव की स्थिति न बने।

### तालाबों में गंदगी न फैलाने की अपील

महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहरवासियों से अपील की छठ पूजा के दौरान तालाबों में प्लास्टिक या पूजा सामग्री न डालें। साफ-सफाई बनाए रखें और निगम के प्रयासों में सहयोग दें, ताकि हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर और धार्मिक सौहार्द का उदाहरण बन सके। बता दें कि त्योहार के बाद तालाब के आसपास गंदगी पसरी रहती है, जबकि स्थानीय निकायों द्वारा विशेष इंतजाम किए जाते हैं। बावजूद गंदगी का आलम रहता है। इसे देखते हुए निगम ने लोगों से अपील की है कि तालाब के आसपास गंदगी न फैलाएं। कचरा डस्टबिन में ही डालें।

# जल संसाधन विभाग के ईई की गाड़ी की ठोकर से एक घायल

**पद्मनाभपुर थाने में शिकायत, एफआईआर अब तक नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत महाराजा चौक के करीब लाला गुपचुप के सामने अनियंत्रित खड़ी गाड़ी से ऋषभ ग्रीन सिटी निवासी संजय अग्रवाल घायल हो गए। उनके दाएं पैर में गंभीर चोटें आईं हैं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी बोलेरो सीजी 02 एयू 2469 खिलेश्वर साहू चला रहे थे। जानकारी के मुताबिक वे कोंडागांव में जल संसाधन विभाग में ईई के पद पर पदस्थ हैं। घटना दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की बताई गई है। संजय अग्रवाल अपने बेटे सोम के साथ अपनी बहन के पद्मनाभपुर स्थित घर जा रहे थे। तभी घटना स्थल पर खड़ी चार पहिया वाहन के चालक ने अचानक ड्राइवर की तरफ का गेट






खोल दिया, जिससे संजय अग्रवाल की बाइक अनियंत्रित होकर गेट से टकरा गई।

हादसे में संजय अग्रवाल को गंभीर चोटें आई हैं। इधर जब संजय अग्रवाल के भाई समीर पद्मनाभपुर थाने में शिकायत लेकर पहुंचे, तो उनकी शिकायत भी नहीं लिखी जा रही थी। बाद में उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद कम्प्लेन ली गई। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।



### जांच के बाद होगी एफआईआर

मामले में जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल आवेदन के आधार पर परीक्षण किया जा रहा है। इस बारे में पद्माभपुर पुलिस से जानकारी ली जा रही है।

**-भारती मरकाम,** सीएसपी दुर्ग

### कोंडागांव की सरकारी गाड़ी दुर्ग में घूम रही थी

बता दें कि कोंडागांव में पदस्थ साहू महाराजा चौक के आसपास कहीं निवास करते हैं। वे मलूतः राजनांदगांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद उन्होंने अपनी गलती भी मानी। उनकी सीजी 02 एयू 2469 बोलेरो कैसे दुर्ग में थी। इसका खुलासा नहीं हो पाया है। इस बारे में जब खिलेश्वर प्रसाद साहू से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। वहीं संजय अग्रवाल के भाई समीर ने बताया कि उनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ। कोंडागांव की सरकारी गाड़ी दुर्ग में क्या कर रही थी। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

### सशिमं में दीपावली मिलन समारोह

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान सहस्त्रनाम लेखन पुरस्कार किया गया। मानसिक एकाग्रता को बढ़ाने तथा आध्यात्मिकता, मंत्रों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विशेष अतिथि आशीष शर्मा और प्रकाश कानाबार थे। 47 लोगों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव शअरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, राजेश यादव, किशोर टाटीबंदवाले गिरीश दीवान आदि मौजूद थे।

### रोजगार कार्यालय में 31 को रोजगार मेला

**दुर्ग।** जिला रोजगार कार्यालय मालवीय नगर में 31 अक्टूबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में कुल 470 रिक्त पदों पर भर्ती ली जाएगी। आवेदक शैक्षणिक मूल प्रमाण, अंकसूची, पहचान पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, निवास आदि प्रमाण पत्र लेकर पहुंचे।

### एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन शिविर आज से


**दुर्ग।** एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन 24 से 26 अक्टूबर तक समितियों में शिविर लगाकर किया जाएगा। किसानों को 31 अक्टूबर के पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए च्वाईस सेंटर के द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का कार्य चल रहा है। जिले में 4292 किसान ऐसे हैं, जिनकी व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है। 1737 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन लंबित है। उक्त लंबित पंजीयन कार्य 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक समितियों में शिविर लगाकर पूर्ण किया जाएगा। किसानों को होने वाली दिक्कतों का निराकरण किया जा रहा है।

**CHANGE OF NAME OF MINOR**

I, **RAM DALAI HARI** Son of **ERANNA** employed as Welder in the Salasar Techno Engineering Limited, Bhilai, Chhattisgarh residing at H. No. 271/K, Ward No. 35, Tarangininagar, Ganesh Nagar, Khursipar, Bhilai, Tahsil - Durg, Distt. Durg (Chhattisgarh) have change the name of my minor daughter **GAJINI NEHA** aged **13 years** and she shall hereafter be known as **RAM DALAI NEHA**.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**R. Hun**
**Signature of Guardian**

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

150 आवासों का निर्माण किया गया, होगा आवंटन

# भिलाई निगम में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग को पीएम आवास का अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वरिष्ठ जनों एवं दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भूतल के आवास आवंटन हेतु अंतिम अवसर दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। 150 आवासों का निर्माण किया गया है जिसमें निर्मित आवासों का लॉटरी किया जा रहा है। लॉटरी के पूर्व समय 11.30 बजे तक हितग्राहियो द्वारा अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 निगम कोष में जमा कराया जा सकता है। नियमानुसार लाटरी पद्धति से सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का लाटरी निकालकर आवास आबंटन किया जाएगा।



नगर निगम भिलाई अपील करती है कि पीएम आवास के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर लाटरी का लाभ उठावें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चिंगरी में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 24 अक्टूबर को रात्रि कालीन 10 बजे लोक-तिहार छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था छुरिया, राजनांदगांव छग वाले की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी उपसरपंच भूषण लाल देशमुख व समस्त समिति के सदस्यगण ने दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित व गुरु खुशवंत से की मुलाकात



**उतई।** कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीयता भेंट मुलाकात कर दीपावली की हार्दिक बधाई दी। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण के भाजपा युवा नेता केशव महिपाल अध्यक्ष सतनामी समाज ग्राम डुंडेरा एवं पार्षद वार्ड 35 खिलेंद्र चंद्राकर, छाया पार्षद वार्ड 36 दुर्गेश साहू, राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय डुंडेरा संचालक बीआर मौर्य, हिंछा राम महिपाल तथा सभी ने मंत्री को छत्तीसगढ़ के शक्ति जिला प्रभारी मंत्री बनने पर भी बधाई दी।

## निधन

### के सूर्य नारायण



**भिलाई।** भूतपूर्व बीएसपी कर्मी एवं सेक्टर 5 निवासी के सूर्य नारायण 81 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे के कमला के पति, के ईश्वर राव, के चांदी राव, के गोविंद और डी गोपीवेणी के पिता एवं डी मोहन राव के ससुर थे।

### चंपाबाई बैद



**दुर्ग।** आदर्श नगर दुर्ग निवासी चंपाबाई बैद उम्र 77 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनकी अंतिम संस्कार हरनाबंधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व.प्रकाश चंद बैद की पत्नी एवं भावेश, मनीष, सरिता की मां थीं।

### अनिल बंसल



**दुर्ग।** गणपति विहार, वैगन आर 105, फेस 3 बोरसी निवासी अनिल बंसल 69 वर्ष का निधन 23 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थल से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. गुलाबचंद बंसल के पुत्र तथा आदित्य के पिता एवं गिरीश, सुधीर, विनीत के भाई थे।

### राजकुमार कंधारी



**भिलाई।** प्लॉट नं. 140/1, स्ट्रीट 8, मैत्रीकुंज, रिसाली, भिलाई निवासी बीएसपी के पूर्व जनसम्पर्क अधिकारी राजकुमार कंधारी का 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 अक्टूबर को निवास स्थान से रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कमलेश कंधारी के पति, वे अपने पीछे रूबी अजय खन्ना एवं ऋतु रमेश गारलापाटी बेटियाँ एवं दामाद, सोनल, करण, राहुल, सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### गांव-गांव में त्योहारी माहौल : खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे ग्रामीण

# ग्रामीण खेल और अखाड़ा प्रदर्शन के साथ मातर पर्व की रही धूम, गौवंश को सोहाई बांध खिलाई खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

दीपावली पर्व जो खुशियों का त्यौहार मनाया जाता है, जो विभिन्न परम्पराओं का समेटे हुए हैं। कोसरिया यादव समाज व ग्राम पंचायत सेलुद के ग्रामवासियो के संयुक्त आयोजन के तहत ग्राम सेलूद जहाँ पर प्रतिवर्ष अखाड़ा व ग्रामीणों के कुर्सी दौड़ खेल के साथ भाठापारा सेलुद के मैदान में , कुर्सी दौड़ के साथ अखाड़ा के करतब और मातर पर्व मनाया गया । इस ग्रामीण खेल में महिला वर्ग में कुर्सी दौड़ पुरुष वर्ग में कुर्सी दौड रस्सा खींच में तामेश्वरी ग्रुप प्रथम ।गौठान स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

पिछले कई सालो से उपस्थित ग्रामीण को खीर वितरण किया जाता रहा है । मातर पर्व को देखने गाँव भर का ग्रामीण उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद उठाते है । संजय यादव ने बताया कि समाजिक परमपराओं का निर्वहन करते हुए हर साल यादव समाज ने विशेष तौर पर मातर मिलन समारोह कर रहे ताकि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परमपरा को बचाये रख सके,व लोगों को उनसे अवगत करवाया जाए,मातर के दिन दिनभर विभिन्न प्रकार के पूजापाठ भी होते हैं जो सवेरे से शाम तक चलता है। यादव समाज के लोग बडी खुशी व धूमधाम व भाईचारे के साथ मिलकर करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रुप से ग्राम सेलूद में आज मातर पर्व का अयोजन किया गया। जिसमें बच्चों व महिलाओं के कुर्सी दौड़ के साथ बिसौहा यादव और छेदुराम यादव के मार्गदर्शन में अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री , सरपंच खिलेश, बबलू मारकंडे, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, नेतराम यादव, संजय यादव, खेमिन साहु, मन्नू यदु, रवि पटेल, चिंटु टिकरिहा, खेमलाल साहू, सुरेन्द्र कुर्रे, तामसेन साहू, दिनेन्द्र जांगडे, प्यारेलाल साहू, दउवा राम वर्मा, बलराम वर्मा, कीर्तन देवाँगन, झम्मन यादव, त्रिभुवन यदु, रमेश देवाँगन, टामन लाल साहू, होमेश यादव, विजय साहु, शुभम साहू, महेन्द्र साहू, अनिल बनपेला, भेष नारायण सेन, ललित यादव, रिखीराम यादव, नीरज यादव, खोमु यादव, बिरेन्द्र यादव, जयंत यादव, बिसाहू यादव, ध्रुव कुमार यादव, दिनेश यादव, चुरामन यादव, जितेन्द्र यादव, मणी यादव, छेदु राम यादव, ताराचंद यादव, अनीता, अमृत तीजन, लक्ष्मी, गणेशिया, सुनीति, नीरा, मंजु, लीला, सुमित्रा, नर्मदा, सोहद्रा, उत्तरा और अहिल्या सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

### ग्रामीणों ने पारम्परिक खेलों में हिस्सा लेकर जीते पुरुस्कार



### गोधन को खिलाई खिचड़ी, की गोवर्धन पूजा



**पाटन।** पाटन ब्लॉक में दिवाली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन सुबह गौरा गौरी की शोभायात्रा निकाली गई। गांव गांव में बड़े ही हर्षोल्लास से गौरा गौरी के विसर्जन किया गया। इसके बाद गोधन का पूज अर्चना कर खिचड़ी खिलाई गई। शाम को गोवर्धन पूजा की गई। सभी ने एक दूसरे को गोवर्धन का टीका लगाकर बधाई दी। गुरुवार को मातर और भाईदूज पर्व मनाया गया। गौठान में खुडहर देव की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। मातर पर के अवसर कर कई जगह अखाड़ा प्रदर्शन का कार्यक्रम भी रखा गया है। पाटन ब्लॉक के ग्राम छाटा में दीपावली पर्व भी हर्षोल्लास से मनाया गया। यहां पर सुबह से गौरा गौरी का विसर्जन किया। इस वर्ष दीपावली के अवसर पर गांव गांव में लक्ष्मी माता की मूर्ति के स्थापना भी की गई है। जिसका विसर्जन शनिवार को किया जायेगा।

### पाटन नगर पंचायत के गोठान में मनाई गोवर्धन पूजा



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के गोठान परिसर में गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश (निक्की) भाले ने परंपरागत रीति से गौ माता की पूजा-अर्चना कर उन्हें खिचड़ी खिलाई और सुहाई पहनाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। नगरवासियों ने गोवर्धन पर्व को गौ सेवा और समृद्धि का प्रतीक मानते हुए बड़ी श्रद्धा से मनाया। अध्यक्ष निक्की भाले ने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, और उनके संरक्षण से ही समृद्धि एवं खुशहाली आती है। इस मौके पर नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा ,मिलन देवांगन ,राज देवांगन , जित्तू निर्मलकर ,केवल देवांगन सागर सोनी ,निश सोनी योगेश सोनी ,रोहित देवांगन ,बाबा वर्मा नेहा वर्मा ,नारायण पटेल , दिलीप साहू और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूजा के पश्चात सामूहिक रूप से प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।

### पाटन और पंदर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गोवर्धन पूजा



**पाटन।** ग्राम पंदर में इस वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ग्रामीणों ने परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए कांजी हाउस में स्थित सभी गौ माताओं को सजा-संवार कर सोहाई बांधी और उन्हें खिचड़ी खिलाई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गौ माता की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और गांव की मंगलकामना की। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच उमेश गजेंद्र, उपसरपंच आकाश कश्यप एवं सभी पंचगणों सहित गांव के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील वर्मा, संतोष वर्मा, राजेश वर्मा, दिनेश वर्मा, दानेश्वर वर्मा, शिव वर्मा, पूरेन्द्र वर्मा, विरेंद्र वर्मा, हीरालाल साहू, बली यदु, देवा बंजारे सहित अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ पूजा स्थल की परिक्रमा की, वहीं बच्चों ने गौ माताओं के चारों ओर दीपक जलाकर वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गोवर्धन पूजा की आस्था और एकता का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष एक परिवार की तरह मनाया जाता है। इस आयोजन के माध्यम से लोगों ने गौ सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया और ग्रामीणों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं पूरे आयोजन में गांव के युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## राष्ट्रप्रेम और कर्तव्य सर्वोपरि होना चाहिए : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



छत्तीसगढ़ शासन से कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त होने के बाद छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा अपने गृह ग्राम कुम्हली पहुंचे। जामगांव आर में दीपावली पारिवारिक मिलन समारोह में नीरज लोकेश सिन्हा के साथ पहुंचे श्री सिन्हा ने उत्कृष्ट समाजसेवियों का सम्मान भेंट किया। दीपावली मिलन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला पदाधिकारी हलधर महमल्ला मछुवारा संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष नेतराम निषाद गुण्डरदेही संघ चालक इवन सिन्हा आर्मीमेन भीषम कुमार सिन्हा बटरेल सशिमं प्रधानाचार्य द्वारिका साहू समाजसेवी नरेंद्र धरमगुड़ी आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे। दीपावली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने अपने हितैषी शुभचिंतकों का आभार प्रगट करते हुए कहा कि मेरे लिए राष्ट्रप्रेम और दायित्व निर्वहन सर्वोपरि है।

सिन्हा ने दीपावली मिलन समारोह अवसर पर 40 वर्षों से प्रिंट मीडिया 34 वर्षों से संस्कारित शिक्षा से क्षेत्र में निश्चल भाव से समाज की सेवा कर रहे छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन को उनके जामगांव आर निवास पहुंचकर दीपावली की बधाई देते हुए भेंट मंगलवार को सम्मान भेंट प्रदान किया।श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने वाले खास लोगो की सूची में जामगांव आर निवासी आसकरण जैन का नाम प्रामाणिक तौर पर जग जाहिर है।श्री सिन्हा ने पूर्व प्रचारक हलधर महमल्ला को भी उनके समर्पित सेवा के लिए भेंट सम्मान प्रदान किए।

## पुलगांव में गौरी-गौरा की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



पुलगांव में प्रतिवर्ष की भांति दिवाली के दूसरे दिन बड़ी धूमधाम से गौरी गौरा की शोभा यात्रा निकाली गई ! सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने बतलाया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी ईशर राजा गौरी गौरा समिति के तत्वाधान एवं वार्ड वासियों के सहयोग से गौरी गौरा के जयकारे एवं ढोल नगाड़े के बीच शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर गोंडवाना समाज की महिलाये मंगल गीत गति नजर आई एवं समाज की युवाओं ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर आतिशबाजी करते नजर आए। आम जनमानस ने भी एकता एवं उत्सव का परिचय देते हुए आयोजन को आनंद एवं उत्साह के रंगों से भर दिया। दुबे ने बताया कि फुलगावँ में काफी लंबे समय से यह आयोजन होते आ रहा है। उक्त अवसर पर राजू ठाकुर ,रवि मंडावी, दिनेश यादव, गोकुल साहू , ऋषभ दुबे रामेश्वरी नेताम दीपा, पिंटू मांडवी ,अष्टोरा बाई भारत नेताम, नद नेताम विदेशी रजत दुबे ,घनाराम ,गिरजा बाई, छबीली बाई, सुरजा, सावित्री, अजय ,योगेश अनिता नेताम ,शत्रुघ्न नेताम एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं गोंडवाना समाज के लोग उपस्थित थे।

## सुमधुर आवाज में गूंजने लगे सुआ गीत



**जामगांव आर।** दीपोत्सव पर्व का आगाज कराने वाले सुआ गीत की सु मधुर आवाज और नृत्य का मनभावन दृश्य घरों के प्रांगण में गूंजने लगा है। कुम्हारी एरिया थर्ड जेंडर समूह ने पहली बार जामगांव आर में सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी। इनके अलावा शुक्रवार को जामगांव आर मिडिल स्कूल की छात्राएं काजल ठाकुर, लोमिता ठाकुर गेमेश्वरी ठाकुर, आंचल कुम्हार, प्राथमिक छात्रा योगिता ठाकुर, चंचल धीवर और मुक्ता निर्मलकर ने संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन करते हुए घर घर जाकर सुवा गीत नृत्य का मनभावन प्रदर्शन किया।टोकनी में प्रतीकात्मक सुआ रख कर गीत नृत्य की परंपरा छत्तीसगढ़ में सदियों से चली आ रही है।

## विचक्षण जैन विद्यापीठ कुम्हारी को मिला विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी




- अखिल भारतीय स्तर पर छठवां और छत्तीसगढ़ स्तर पर मिला प्रथम पुरस्कार

विचक्षण जैन विद्यापीठ कुम्हारी ने एजुकेशन वर्ल्ड ग्रांड जूरी इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड में कम्युनिटी और सोशल इंपैक्ट की कैटेगरी में अखिल भारतीय स्तर पर छठवां और छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान विद्यालय की शिक्षा प्रणाली और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। दिल्ली के होटल पुल मैन एरोसिटी में आयोजित एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार विद्यालय की ओर से अध्यक्ष राजेश सावनसुखा और कोषाध्यक्ष सुनील गोलछा ने ग्रहण किया। यह अवसर विद्यालय के लिए गर्व का पल था क्योंकि यह सम्मान न केवल विद्यालय के शैक्षिक प्रयासों की सराहना करता है, बल्कि विद्यालय के सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान को भी उजागर करता है। विचक्षण जैन विद्यापीठ ने अपनी शिक्षा प्रणाली में नए-नए प्रयोगों के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कई कार्यक्रमों की शुरुआत की है। विद्यालय के द्वारा किए गए प्रयासों ने विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन किया है।

### लक्ष्मी महोत्सव की मची धूम



**अंडा।** जय बजरंग नवयुवक मंडल ग्राम खपरी सिलोदा में लक्ष्मी महोत्सव।



**अंडा।** जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति आबादी पारा भानपुरी।



**अंडा।** नव युवक लक्ष्मी उत्सव समिति चिंगरी मातर चौक।



**अंडा।** सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति चिंगरी महावीर चौक।

### गैर शैक्षणिक कार्यों के खिलाफ शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा

# शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों के लिये मजबूर करने पर निकालेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



नवीन शिक्षक संघ ने शिक्षकों को अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाया है। संघ के प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार जिलाध्यक्ष दुर्ग संजीव मानिकपुर ब्लॉक अध्यक्ष दुर्ग दीपक साहू ने बताया कि स्कूली शिक्षकों को एक ही जानकारी को कई प्रकार के ऐप के माध्यम से ऑफलाइन व ऑनलाइन कई बार मंगाई जाती है जिससे शिक्षक पढ़ाने के बजाय विभाग के आदेश का पालन करते हुए जानकारी बनाने स्टॉफ रूम मे नजर आते है। साथ ही शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों मे संलग्न कर दिया जाता है। जिससे सरकारी स्कूलो मे पढ़ने वाले बच्चो का नुकसान बहुत होता है और इस नुकसान की भरपाई कोई नही कर सकता है। कभी बीएलओ, अभिहित अधिकारी, जमीन खसरा गिरदावली, सांसद खेल महोत्सव,जाति प्रमाण पत्र, आधार अपडेशन और अपार आई डी बनाने सहित विभिन्न प्रकार के सर्वे व गैर शैक्षणिक कार्यों को करने शिक्षकों पर दबाव बनाया जाता है। जिससे स्कूलो मे पढ़ाई व्यवस्था बाधित होती है। प्रदेश सचिव गिरीश साहू का कहना है की शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों मे संलग्न नही करना चाहिए। शिक्षकों को सिर्फ पढ़ाने दिया जाय जिससे सरकारी स्कूलो के विद्यार्थीयों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल सके। शिक्षकों को अन्य कार्यों मे संलग्न करने से शिक्षा के गुणवत्ता मे व्यापक असर पड़ता है। प्रदेश पदाधिकारी दुष्यन्त कुम्भकार व जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा प्रदेश के सरकारी स्कूलो मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने की है इसलिए शिक्षा सत्र 2025-26 को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष घोषित किया है लेकिन विभिन्न विभाग के कार्यों मे दायित्व सौंपकर शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों को करने मजबूर कर दिया जाता है। जिससे स्कूलो मे पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होता है। दीपक साहू, मनोज जोशी, सुनिल शर्मा कुमार साहू, छगन गेड्रे, विनोद ठाकुर व राकेश धनकर ने शासन व विभाग से अपील की है की शिक्षा मे गुणवत्ता अगर वास्तव मे लाना है तो सरकारी स्कूलो के शिक्षकों को अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों से शतप्रतिशत मुक्त रखा जाय। गैर शैक्षणिक कार्यों मे संलग्न नही करने की मांग को लेकर नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ जिला दुर्ग के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों को अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर सिर्फ पढ़ाने के अवसर देने की मांग की है। साथ ही स्पष्ट भी किया है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त नही रखे जाने की स्थिति मे नवीन शिक्षक संघ पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग को प्रमुखता से रखा जाएगा।

# गुलाबी ठंड की आहट के साथ मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों की रौनक

## परिंदों और जानवरों की भी बढ़ी उछलकूद, आसपास के गांवों से भी पहुंचे सैलानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

त्योहारी माहौल के बीच मैत्रीबाग जू में रौनक बढ़ गई है। गुलाबी ठंड की आहट के बीच लोग प्रकृति के नजारे और वन्य प्राणियों के रोमांच का लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मानसून की विदायी बाद गुलाबी ठंड की आहट के बीच खूबसूरत परिंदों और जानवरों की चंचलता और उछलकूद पर्यटकों को रोमांचित कर रही है।

मौसम में परिवर्तन और त्योहारी माहौल ने मैत्रीबाग में सैलानियों की आमद बढ़ा दी है। दिवाली की छुट्टियों पर त्योहार मनाने हजारों लोग अपने घर पहुंचे हैं। कई लोग परिवार और फ्रैंड्स के साथ फेस्टिव मूड में प्रकृतिक का आनंद लेने मैत्रीबाग पहुंच रहे हैं। इनमें ग्रामीण पर्यटकों की भी खासी तादाद है। दस्तक देती ठंड ने परिंदों और जानवरों की चंचलता और चपलता को बढ़ा दिया है। उछलकूद करते वन्य प्राणी लोगों को खूब लुभा रहे हैं। बच्चे व युवा उत्साह से चौकड़ी भरते हिरणों की तस्वीरें अपने मौबाइल कैमरे में कैद कर रहे हैं। वाइट टाइगर के एनक्लोजर के पास भी लोग सेल्फी लेते रोमांचित हो रहे हैं। वहीं बड्र्स काम्पलेक्स में भी परिंदों का कलरव उन्हें आनंदित कर रहा है। वहीं झील में बोटिंग का lब लुत्फ उठा रहे हैं। कई पर्यटकों तो दो तीन साल बाद मैत्रीबाग घूमने आए हैं। इनमें भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास के गांवों के लोग भी हैं।



### पैलिकान बड्र्स बने आकर्षण का केंद्र

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पेलिकान बड्र्स सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। अपने पंख फैलाए पोखर में एक दूसरे के पीछे जलक्रीड़ा करते पेलिकानों के साथ नन्हें पर्यटक सेल्फी ले रहे थे। जू में दस ग्रे पेलिकान हैं। इनके अलावा अन्य प्रजाति के पेलिकान बर्ड भी हैं। ठंडी के मौसम में सैलानियों की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए मैत्रीबाग प्रबंधन ने भी इन्हें लुभाने के लिए साफ सफाई व फुलवारियों को दुरुस्त किए जाना आदि शुरु कर दिया है। संकर लान और कैंडल गार्डन की नियमित सफाई और उद्यान वाटिकाओं में फूलों के पौधों की कटिंग की जा रही हैं। नवंबर दिसंबर में नए पौधों से सर्दियों के फूल खिलने लगेंगे।

## खबर संक्षेप



### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा दुलकी माइंस के कमकासुर गाँव में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 59 ग्रामीणों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों को नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं तथा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गईं। इस अवसर पार 140 से अधिक रक्त परीक्षण किए गए, जिनमें 45 सिकल सेल परीक्षण, 95 एनीमिया टाइपिंग तथा एचबी प्रतिशत जाँच शामिल थीं। इस अवसर पर सीएसआर विभाग की मेडिकल टीम जिसमें मेडिकल कंसल्टेंट, नर्सिंग स्टाफ तथा ब्लड शुगर, एचबी और बीपी जांच हेतु तकनीकी सदस्य शामिल थे, जिन्होंने शिविर में अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता दी गई।

### सिंटर प्लांट-3 की टीम ने तिरुपति में जीता गोल्ड



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 की टीम लक्ष्य ने तिरुपति चैप्टर में आयोजित तकनीकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार जीता है। किया। टीम में अभिषेक साहनी के नेतृत्व में ओम नमः शर्मा फैसिलिटेटर और अमरेश धुंधरे, डिप्टी लीडर तथा प्रेम लाल, अमित भंडारी व संजय चौधरी सदस्य के रूप में शामिल थे। देशभर से आई टीमों के बीच कड़ी बाद भी, टीम ने अपने प्रोजेक्ट बंकर के कैपिटल रिपेयर में अपनाए गए अभिनव दृष्टिकोण पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। टीम ने मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा, गुणवत्ता और समयबद्ध निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नवोन्मेषी उपाय अपनाकर कार्य की दक्षता और स्थायित्व में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित किया।

### शिक्षक नगर में हुई चोरी, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत शिक्षक नगर निवासी डॉ. उमाशंकर पटैरिया के सूने मकान में चोरी हो गई। घटना 11 से 17 अक्टूबर के मध्य की बताई गई है। डॉ. पटैरिया ने पुलिस को बताया कि 50 ग्राम का सोने का बिस्किट, पीतल की टंकी में रखे 2 नग अंगूठी वजन करीबन 15 ग्राम एवं लॉकेट चेन सहित वजन करीबन 17 ग्राम पीतल की टंकी चार किलोग्राम पीतल का कुपर 2 किलो 1, 2, 5 के सिक्के, एक कलश पीतल का 2 किलो, कासे का कलश चार किलो गायब है। अज्ञात व्यक्ति उसे चुरा ले गया। इस प्रकार करीब 6 लाख रुपए के सामान और कुछ शेयर के सर्टिफिकेट गायब थे। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना की जा रही है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

## सुरक्षा जवानों के आवास हैं जर्जर, यूनियनों ने प्रबंधन से की राहत की मांग


# बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे सेक्टर 3 के रहवासी, मार्केट न हेल्थ सेंटर और ना ही क्लब

## रहवासियों को हो रही परेशानी, मेंटेनेंस मांग रहे सैकड़ों क्वार्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेक्टर 3 बीएसपी टाउनशिप की सबसे छोटी कालोनी ही नहीं बल्कि यह लंबे समय से उपेक्षित भी है। शहर और भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा में दिन रात मुस्तैद रहने वाले रहवासी सुरक्षा जवानों व परिजनों को बुनियादी सुविधाओं की बदहाली के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों बीएसपी प्रबंधन से जल्द नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

टाउनशिप के सेक्टर तीन के वाशिंदे पिछले कई साल से बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां निवासरत अधिकतर लोग सीआईएसएफ और पुलिस विभाग के कर्मचारी हैं। यहां आवासीय,सफाई, हेल्थ सेंटर और मार्केट, व सड़कें आदि कई नागरिक सुविधाएं बदहाल हैं। उल्लेखनीय है कि सेक्टर 3 टाउनशिप के दर्जनभर सेक्टरों में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है। मूलभूत सुविधाएं भी कमतर हैं और जो सहूलियतें हैं वह बदहाल हैं। अन्य सेक्टरों की तरह यहां कई सुविधाएं नहीं हैं। रहवासियों ने बताया कि सेक्टर एक से लेकर सेक्टर 10 व रिसाली,मड़ोदा सेक्टर तक सभी में मार्केट बने हुए हैं लेकिन सिर्फ सेक्टर 3 ही एकमात्र ऐसी कालोनी है,जहां एक भी बाजार नहीं है। अन्य दस सेक्टरों में दो,दो और सेक्टर 6 में तो आधा दर्जन मार्केट स्थित हैं। लेकिन सेक्टर 6 में साठ साल पूर्व निर्मित टाउनशिप के समय और बाद अब तक मार्केट निर्माण नहीं होने से रहवासियों को अन्य सेक्टरों में खरीदारी के लिए जाना पड़ता है। यहां निवासरत अधिकतर लोग बीएसपी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ और शहर की चौकसी करने वाले पुलिस विभाग में काम करते हैं। लेकिन उनके क्वार्टर जर्जर हो चुके हैं। पचासों तिमंजिला मकानों में ऊंचे व घने पेड़ व जड़ें फैली हुई हैं। मकानों में बाथरुम व टायलेट जाम होते रहते हैं। नालियां पट चुकी हैं और क्रास स्ट्रीट भी जर्जर हैं।



### चेकअप के लिए जा रहे जेएलएन अस्पताल

सेक्टर 3 में रहवासी बीएसपी कर्मियों और सुरक्षा जवानों के सामाजिक व सास्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कम्युनिटी भवन इस्पात क्लब भी नहीं है। इसी तरह यहां अन्य सेक्टरों की तरह बीएसपी हेल्थ सेंटर भी नहीं नहीं है। हेल्थ सेंटर बंद बंद होने के बाद इंटक यूनियन को आवंटित किया जा चुका है। इसके चलते रहवासियों को सेक्टर 7 या जेएलएन अस्पताल जाना पड़ रहा है। इस सेक्टर में स्कूल भी नहीं है। रहवासियों ने सेक्टर 3 में भी यह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

### घरों में घुसते हैं आवारा मवेशी

सेक्टर 3 में रहवासियों की एक बड़ी समस्या अस्वच्छता और आवारा मवेशियों की है। रहवासियों ने बताया कि गाय, सांड और भैंस आदि आवारा मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं। इससे गंदगी और दुर्घटना की समस्या बड़ रही है। कई मवेशी घरों में भी घुस जाते हैं । कई स्ट्रीट लाइट बंद होने से सड़कों घूमते मवेशियों से आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। पूरे सेक्टर में भट्ठी थाना से लेकर हास्टल एक, दो व तीन के आगे तक गाजर घास आदि बरसात खरपतवारे फैली हुई है।

# छठ त्योहार से पहले शहर के तालाबों की सफाई का निगम अधिकारियों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ त्योहार की वजह से कचरा हो गया है जमा

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 3 अंतर्गत पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, सब्जी मार्केट, निर्माणाधीन सुलभ शौचालय सहित बैकुण्ठधाम तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा किया गया। छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ तालाबों की सफाई भी युद्व स्तर पर कराया जा रहा है।

जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर एवं सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया गया। दीपावली त्यौहार होने के कारण बाजारों में अत्यधिक भीड़ व खरीदी ब्रिकी हुआ है। जिससे बाजारों में कचरा भी फैला हुआ था, जिसे सफाई कर्मी लगाकर सभी कचरों को एकत्र कर हटवाया गया है। समीपस्थ डी.एम.एफ. मद से निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का अवलोकन किया गया। इस शौचालय के निर्माण से व्यापारी एवं आम नागरिको को सुविधा होगी। सुलभ निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण निर्देशित किया गया है। बैकुण्ठधाम तालाब में छठ पर्व मनाया जाता है, इस हेतु तालाब की साफ-सफाई कराया जा रहा है। तालाब से कचरे के साथ-साथ पूजा सामग्रियो का भी डाला गया था, जिसे निकालकर अलग किया जा रहा है। साथ ही प्रकाश व्यवस्था हेतु लाईटो का संधारण करने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, श्याम ठाकुर, जोनल विनोद, महफूज उपस्थित रहे।

## प्लांट गैरेज में स्पेशल कैम्पेन 5.0 स्वच्छता के लिए दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लांट गैरेज विभाग में स्पेशल कैम्पेन 5.0 के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों, नियमित कर्मियों एवं संविदा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यशाला के कार्यालय क्षेत्र, रखरखाव जोन और आसपास के परिसरों की सफाई की। महाप्रबंधक बीडी बाबू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस विशेष के लिये न होकर सतत व्यवहार का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल की स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का आग्रह किया। सहायक महाप्रबंधक पार्थ घोष ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी प्रभावी हो सकते हैं जब प्रत्येक व्यक्ति टीम भावना और स्वामित्व की भावना से कार्य करे।अभियान में वरिष्ठ प्रबंधक एडी आप्टे, आशीष गुप्ता, प्रबंधक राकेश चौधरी, उप प्रबंधक एच वी प्रसाद, डीएसओ एवं सहायक प्रबंधक डीसी महाजन, सहायक प्रबंधक एवीएन त्रिपाठी, संजय सिंह सहित प्लांट गैरेज विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीएसपी में रिगिंग एसेंशियल्स पर प्रशिक्षण कार्मिकों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग (टीएसआईसी) के सहयोग से रिगिंग एसेंशियल्स विषय पर दो दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से विशेषकर सामग्री प्रबंधन से जुड़े कुल 32 गैर-कार्यपालक कर्मचारियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी तथा महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल थे। समन्वयक सहायक महाप्रबंदक अजय टल्लू भी उपस्थित थे। तकनीकी सत्रों का संचालन टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के संकाय आनंद मोहन सिंह द्वारा किया गया। श्री सत्पथी ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे सुरक्षा के प्रति अपनी जागरूकता को और गहरा करें ।

श्री सत्पथी ने कहा कि कार्यस्थल पर सीखी गई बातों को व्यवहार में लाएँ ताकि संयंत्र में सुरक्षित और दक्ष संचालन सुनिश्चित हो सके। श्री अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा ज्ञान और कौशल का सतत उन्नयन ही कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं की रोकथाम और जीरो हार्म कल्चर" को सशक्त बनाने की कुंजी है। सत्र का संचालन कर रहे आनंद मोहन ने किया ।

## बीएसपी एंसिलरी इंड. एसो. ने डायरेक्टर इंचार्ज से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा से मिलकर एंसिलरी उद्योगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और दीपावली शुभकामनाएं दीं।

श्री महापात्रा ने आस्वस्त किया कि एंसिलरी उद्योगों को ज्यादा से ज्यादा काम मिलेगा। वह जानते हैं कि भिलाई की एंसिलरी बहुत ही डेवलप एंसिलरी है। एंसिलरी उद्योगों को और भी नए-नए कल पुर्जे बनाने का मौका देंगे। अपने अधीनस्थ अधिकारियों से चर्चा कर एंसिलरी उद्योगों के हित में जो भी संभव होगा वह किया जाएगा। श्री दासगुप्ता ने उन्होंने कहा कि डायरेक्टर इंचार्ज एंसिलरी उद्योगों को बढ़ाने को लेकर काफी गंभीर हैं। कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष, कोर्डिनेटर अवी सहगल, वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता, डी राय चौधरी और हरीश मुदलियार शामिल थे।



## मुफ्त में होगी बीपी-शुगर और ऑक्सीजन लेवल की जांच, हर मरीज का रहेगा रिकार्ड

# तीन हेल्थ सेंटर में पहली बार लगेंगे एआई आधारित ई-एटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ अहिवारा विधायक डोमनलाल की अनोखी पहल

डिजिटल परिवर्तन के इस युग में स्वास्थ्य सेवा एटीएम से पैसे निकालने जितना आसान होने जा रहा है। दुर्ग जिले के अहिवारा, मेड़ेसरा और भिलाई-3 स्वास्थ्य केंद्र में एआई आधारित एटीएम मशीन लगने जा रही है। इसके लिए अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने पहल की है। उन्होंने अपनी निधि से 46.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस मशीन के जरिए बीपी, शुगर सहित अन्य प्रकार की पैथोलॉजी जांचें हो सकेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में इस सुविधा को पूरी तरह फ्री रखने की तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में संभवतः यह अपने तरह का पहला मामला है, जिसमें इस तरह की एआई आधारित मशीन ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित किए जाने की तैयारी की गई है। बता दें कि शासन स्तर पर इसके लिए राशि स्वीकृत कर दी गई है। निर्धारित एजेंसी इसे उक्त तीनों सेंटरों में इंस्टॉल करेगी। क्लीनिक्स ऑन क्लाउड के ई-हेल्थ कियोस्क मशीन को क्रांतिकारी स्वास्थ्य तकनीकी माना जा रहा है। इसे टेली-परामर्श और स्वास्थ्य रिकॉर्ड आपकी उंगलियों पर लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



ई-हेल्थ कियोस्क एक छोटी, स्वचालित मशीन है, जो कई तरह की स्वास्थ्य जांच कर सकती है। मरीज़ों को डॉक्टरों से वर्चुअली जोड़ सकती है। इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड एक ही जगह पर स्टोर कर सकती है। यह 24 घंटे काम करती है। इसके लिए न्यूनतम निगरानी की आवश्यकता होती है।

### प्रशासन ने सीएमएचओ को बनाया कार्य एजेंसी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे हेल्थ एटीम मशीन के लिए 46.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा की अनुशंसा पर यह स्वीकृति दी गई है। इस कार्य की एजेंसी जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को बनाया गया है। इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिवारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेड़ेसरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3 में स्थापित किया जाएगा। प्रति एटीएम की लागत 15.50 लाख रुपए तय की गई है।

### आधुनिक मशीन पर तत्काल देती है रिपोर्ट, ज्यादा फायदेमंद

जानकारी के मुताबिक हेल्थ एटीएम मशीन एक स्वचालित स्वास्थ्य कियोस्क है, जो बैंक एटीएम की तरह काम करती है। लेकिन पैसे निकालने के बजाय बुनियादी स्वास्थ्य जांच, महत्वपूर्ण मापदंडों को मापने और दूरस्थ डॉक्टर परामर्श प्रदान करती है। इस मशीन के जरिए बीपी, शुगर, वजन, ऑक्सीजन लेवल, शरीर का टैम्प्रेचर लिया जा सकता है। इससे तत्काल रिपोर्ट मिलती है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और लागत प्रभावी बनाना है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ सुविधा बेहतर करने के लिए इस मशीन को तैयार किया गया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



04 जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं स्टाइलिश और मिनिमल लुक

## लाइव इवेंट

### बेल्ट ग्रेडिंग में 150 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, मिला प्रमाण पत्र



**भिलाई।** जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग का बेल्ट ग्रेडिंग किया गया। जिसमें जिले के 150 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सभी को प्रमाणपत्र का वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से दशनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी और रघुनाथ नायर उपस्थित रहे और उनके द्वारा प्रमाणपत्र वितरण किया गया। मोहन पुरी गोस्वामी द्वारा सभी को शुभकामनाएं देते हुए जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

कोच राकेश पुरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में ब्लैक बेल्ट क्वालीफाई सीनियर खिलाड़ी मितुल कुमार साहू, धारा गोस्वामी, जयप्रकाश साहू, जय चंद्राकर, यज्ञदत्त साहू, दीपेश कुमार निर्मल, विजयलक्ष्मी ताम्रकार, जितेंद्र कुमार साहू को ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी खिलाड़ियों को उत्तम कुमार बौद्ध, राजेश कुमार वर्मा, धन सिंह चंद्राकर, भुनेश्वरी ठाकुर, ज्योति वर्मा, अनिल कुमार देवगन, डोमिनिक पियर्स, चंद्रकुमार साहू ने बधाई दी।

## सिटी इवेंट

### घरेलू जीवन में सुरक्षा आदतों को अपनाने पर दिया बल, मिला सम्मान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा मित्र पहल के अंतर्गत प्लेट मिल सभागार में आयोजित सुरक्षा मित्र पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में महिला ठेका श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट एवं सुरक्षित कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा ने घर से घर तक सुरक्षा की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कार्यस्थल एवं घरेलू जीवन में सुरक्षा आदतों को अपनाने पर बल दिया। महाप्रबंधक जे सुधाकर ने कार्यस्थल पर मशीनों के परिचालन के दौरान अपनाई जाने वाली सतर्कता पर अपने विचार साझा किए।

- **महिला ठेका श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट व सुरक्षित कार्य निष्पादन के लिए मिला सम्मान**

महाप्रबंधक सी पद्मनाभन ने विद्युतीय कार्यों से जुड़े जोखिमों और सावधानी की जानकारी दी। विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं महाप्रबंधक हेमंत बहुरूपी ने महिला श्रमिकों की दुर्घटनारहित कार्य-संस्कृति की सराहना की।वरिष्ठ प्रबंधक हिमानी ठाकुर ने महिलाओं द्वारा गृहस्थ दायित्वों और कार्य के बीच संतुलन साधते हुए सुरक्षा मानकों व वरिष्ठ प्रबंधक दीपा रावत ने कार्यस्थल पर उपकरणों के सुरक्षित उपयोग एवं सावधानीपूर्वक कार्य विधि पर अनुभव साझा किए। मेमबाई ने संयंत्र सुरक्षा पर आधारित प्रेरणादायक काव्य प्रस्तुति दी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं शारदा प्रथम, सरिता निषाद द्वितीय तथा गायत्री साहू तृतीय को पुरस्कृत किया गया एवं मेमबाई को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन अधिकारी तन्मयी, श्यामल बैनर्जी, नीता, मीनू चौहान व सत्य नारायण मेहर ने अपना योगदान दिया। आभार प्रदर्शन सुरक्षा अधिकारी व सहायक प्रबंधक दीपक पारया ने किया।

## लाइव इवेंट

### यूरोलॉजी जागरुकता दिवस पर झिझक दूर करने का दिया संदेश, किया जागरूक

**दुर्ग।** यूरोलॉजी जागरुकता दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों ने झिझक दूर करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विशेषज्ञ चिकित्सका नवीन दारुका प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग मूत्र या गुर्दे से जुड़ी परेशानियों को लेकर बात करने में झिझकते हैं। कई बार पेशाब में जलन, बार-बार पेशाब आना या पीठ में दर्द जैसी समस्याओं को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। लेकिन यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर बीमारी का रूप ले सकती है। यूरोलॉजी जागरूकता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट ने लोगों से समय पर जांच और सही डॉक्टर से इलाज कराने की अपील की। भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित खानपान के कारण किडनी स्टोन, प्रोस्टेट और मूत्र संक्रमण जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारी शर्म की नहीं, समझदारी की बात है। अगर लक्षण नजर आएं तो तुरंत जांच कराएं, क्योंकि समय पर इलाज से बड़ी से बड़ी समस्या को भी रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आजकल कई लोग बिना उचित विशेषज्ञता के खुद को यूरोलॉजी एक्सपर्ट बताने लगे हैं, जिससे मरीजों को सही इलाज नहीं मिल पाता। असली यूरोलॉजिस्ट वही होता है, जिसके पास एमबीबीएस के बाद एमएस और फिर डीएनबी की डिग्री होती है। इसलिए जांच और इलाज के दौरान इन बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से यूरोलॉजी संबंधी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। यहां किडनी, मूत्राशय और प्रोस्टेट से जुड़ी जटिल समस्याओं के लिए अनुभवी विशेषज्ञों की टीम कार्यरत है।

● सेंट लुईस में डांडिया की धूम, पटाखों की रोशनी के बीच बच्चों को दिए उपहार

# अमेरिका में भारतीय परंपरा की रही रौनक, दीपावली और नवरात्रि पर पटाखों की रोशनी के बीच बच्चों को दिए उपहार

**भिलाई। हिंदी यूएसए सेंट लुईस की ओर से इस वर्ष का नवरात्रि-दीपावली उत्सव उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। खास बात यह रही कि इस आयोजन में भिलाई और छत्तीसगढ़ से जाकर वहां रह रहे लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी दी। इस रंगारंग कार्यक्रम में 450 से अधिक भारतीय व अन्य देशों के लोगों ने भाग लिया और पूरे आयोजन ने एकता और सांस्कृतिक समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन हिंदी यूएसए सेंट लुईस की आयोजन समिति की प्रमुख डॉ. अंशु जैन ने किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और विदेश में इस आयोजन को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। डॉ. अंशु इस्पात नगरी भिलाई के विख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ. एम. एल. जैन की पुत्री हैं। वहीं डॉ. अंशु के पति मयंक जैन भी भिलाई से हैं। मयंक वहां हिंदी यूएसए के संस्थापक है। उनके पिता सुरेश चंद जैन भिलाई के वरिष्ठ व्यवसायी हैं।**

### दीपावली पर की माता लक्ष्मी व दुर्गा की पूजा

मयंक-डॉ. अंशु जैन दंपति ने बताया कि हिंदी यूएसए सेंट लुईस ने इस वर्ष 8 नई समितियां गठित की हैं, और नवरात्रि-दीपावली उत्सव नवगठित आयोजन समिति द्वारा शानदार कार्यक्रम विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए आयोजित किया था। शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने विभिन्न टीमों में मिलकर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**पर्व** भिलाईयांस की रही महत्वपूर्ण भूमिका



### हिंदी यूएसए सेंट लुईस को प्रशासन स्तर पर मान्यता दिलाने प्रयास जारी: मयंक

हिंदी यूएसए सेंट लुईस के संस्थापक मयंक जैन ने इस अवसर पर कहा-"दुनिया के किसी भी कोने से आने वाला समुदाय भाषा व धर्म के माध्यम से एकजुट होता है। अमेरिका में भारतवासियों का धर्म के माध्यम से जुड़ना स्वाभाविक है, लेकिन भाषा के ज़रिए समुदाय बनाना एक अलग और अनूठा प्रयास है। सेंट लुईस में हिंदी यूएसए इसका पहला उदाहरण है, जो हिंदी भाषा के माध्यम से बच्चों और परिवारों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।"उन्होंने यह बताया कि हिंदी यूएसए सेंट लुईस, राष्ट्रीय हिंदी यूएसए संस्था के अंतर्गत एक शाखा है, और संस्था वर्तमान में अपने विद्यालयों को प्रशासन स्तर पर स्कूल एवं कॉलेजों के लिए पश्चिमी संगठन (डब्ल्यूएएससी) से मान्यता दिलाने की दिशा में कार्य कर रही है।



### दिवाली पर रही गरबा की धूम



कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती से हुई, जिसके बाद बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने मिलकर डांडिया और गरबा के रंगों में खूब आनंद लिया। बच्चों की उत्साही भागीदारी ने माहौल को जीवंत बना दिया, और सभी बच्चों को उपहार दिए गए।बच्चों के लिए रैफ़ल ड्रॉ, पटाखों का प्रदर्शन, फेस पेंटिंग, बलून आर्टिस्ट जैसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गई। स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल्स, पारंपरिक परिधानों, ज्वेलरी और सजावट की दुकानों ने उत्सव में चार चाँद लगा दिए। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रोफेशनल डीजे संगीत व्यवस्था ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया और सभी उपस्थित जनों ने नृत्य और उत्सव का भरपूर आनंद लिया। युवाओं के रैफ़ल फंडरेजर में भी समुदाय ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में हिंदी यूएसए सेंट लुईस टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया है। पूरे आयोजन की तस्वीरें और वीडियो यू-ट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर अपलोड कर दी गई है, जिसे दुनिया भर में भारतवासी व अन्य देशों के लोग देखकर बधाइयां दे रहे हैं।

## राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि





**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुलिस मुख्यालय दुर्ग द्वारा 'पुलिस स्मृति दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस प्रतिवर्ष उन पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी।कार्यक्रम के अवसर पर अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक वंदना बंजारे ने राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा के कोरकटी में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए वीर पुलिसकर्मी विनोद ध्रुव के अदम्य साहस एवं बलिदान की प्रेरक कहानी प्रस्तुत की। डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'हम जो निश्चिंत जीवन जी रहे हैं, वह उन सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों की शहादत का परिणाम है जो देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं।' इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कार्यालय स्टॉफ और छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दीपावली और भाई दूज की बधाई देकर लिया आशीर्वाद



**भिलाई।** दीपावली का पर्व ट्विनसिटी सहित सभी स्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके बाद गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर भी शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी हो गया।

इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शर्मा सहित अन्य लोगो ने भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे और छग खादी ग्रामों उद्योग अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री राकेश पांडे से मुलाकात कर दीपावली और छठ महापर्व की शुभकानाएं देकर उनका आर्शिवाद प्राप्त किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर संदीप शर्मा, सूरज जायसवाल, दिलीप शर्मा और सतबीर सिंह सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित रहे। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्योहारी की बधाई दी।

सरदार पटेल की 150 वीं जयंती समारोह की श्रृंखला में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर होगा राष्ट्रीय आयोजन

# गुजरात में मोदी-शाह को बस्तर की संस्कृति, सृजन और प्रगति की गाथा दिखाएंगे रिखी, होगा गौर नृत्य

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनका समूह छत्तीसगढ़ बस्तर की तरक्की को गौर नृत्य के माध्यम से समूचे देश को दिखाएगा। स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के आयोजनों की श्रृंखला में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एकता नगर गुजरात में 31 अक्टूबर को होने जा रहा है।इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी रहेगी। यहां देश भर से 7 राज्यों के चुनिंदा सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनका समूह छत्तीसगढ़-बस्तर की झांकी संग गौर नृत्य की प्रस्तुति देगा। रिखी व उनका समूह बुधवार को भिलाई से गुजरात के लिए रवाना हो गया है।



उल्लेखनीय है कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के दो साल के समारोह की शुरुआत पिछले वर्ष 31 अक्टूबर 2024 को हुई थी। इसी कड़ी में इस वर्ष 31 अक्टूबर को भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस झांकी के साथ रिखी क्षत्रिय का समूह गुजरात में 2 नवम्बर तक एकता नगर, गुजरात में रहेगा। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से इस संबंध में रिखी क्षत्रिय के नाम पत्र जारी किया गया है। जिसके अनुसार जनसंपर्क संचालनालय की ओर से सहायक जनसंपर्क अधिकारी तेज बहादुर सिंह भुवाल टीम लीडर होंगे।

### रक्षा व गृह मंत्रालय की समिति ने किया है चयन

गुजरात में प्रदर्शित होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य की झांकी की थीम ''बस्तर की धरती-संस्कृति, सृजन और प्रगति की गाथा है। इसका चयन रक्षा व गृह मंत्रालय भारत सरकार की विशेषज्ञ समिति ने किया है। इस महत्वपूर्ण अवसर को देखते हुए रिखी क्षत्रिय व उनकी टीम ने भी खूब मेहनत की है। कुहूकी कला ग्राम मरोदा सेक्टर में इस विशेष प्रस्तुति के लगातार अभ्यास चलता रहा। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि झांकी में गौर नृत्य की प्रस्तुति होगी, जिसके लिए वहां जाने वाले दल के सभी कलाकारों ने तैयारी की है। गुजरात जाने वाले कलाकारों में प्रदीप ठाकुर बालोद, भीमेश सतनामी बेमेतरा, सुनील कुमार बालोद, पारस रजक कैंप दो भिलाई, वेद प्रकाश बालोद, प्रियंका साहू कुम्हारी दुर्ग, हेमा पाटन, तुलसी ध्रुव भिलाई चरोदा, लीना ध्रुव भिलाई चरोदा, नेहा देवांगन कैंप-2 और सीमा विश्वकर्मा कलंगपुर बालोद शामिल हैं।



## सिटी इवेंट

### अनाथ आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां



**भिलाई।** इस रंग भरी दुनिया मे भगवान ने इंसान को रंगकर्मी के रूप में भेज कर दुनिया बनाई। जिसमे व्यक्ति अपने परिवार को बसाकर कई प्रकार की खुशियां बटोरता है उसके साथ हर कदम पर पूरे परिवार का सहयोग उसे मिलता रहता है और सभी तीज त्यौहार को व्यक्ति मिलजुल कर एक दूसरे के साथ खुशियां बांट कर मनाता है। किंतु इस दुनिया मे कुछ लोग ऐसे भी है जो बिरहा और तन्हा अपना जीवन गुजार रहे है जिन्हें भगवान ने इस दुनिया मे भेजा तो था रंग भरने के लिए किंतु किस्मत ने उनका साथ नही दिया और वे तन्हा ही रह गए। ऐसे लोगो के लिए सांई नाथ सेवा समिति भिलाई में लगातार उनके लिए कार्य कर रही है। सांई नाथ जन सेवा समिति द्वारा फील परमार्थम वृद्धा आश्रम जाकर वहां के वृद्धजनों के साथ दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया। जिसमें सदस्यों के द्वारा अनाथ आश्रम में उपस्थित जनों को तिलक कर मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। सभी के साथ मिलकर फुलझड़ी और अनार पटाखे जलाकर जोर शोर से दीपावली उत्सव सेलिब्रेट किया। इस मनोरम वातावरण का सभी ने आनंद लिया और खुशी से झूम उठे। संस्था के साथ पंहुचे सभी सदस्यों ने उन निराश्रित लोगो के साथ पटाखे फोड़े और मिठाई खा कर खुशियां मनाई। जिसके बाद आश्रम में उपस्थित सभी वृध्दजनों को भोजन खिलाया गया। सांई नाथ सेवा समिति संस्था हर साल सभी त्यौहार अलग-अलग अनाथ आश्रम और वृद्धाश्रम जाकर उनके साथ सेलिब्रेट करते है। जिससे वहां रहने वाले सदस्यों को अपने बीच पाकर अपने परिवार जैसी अनुभूति करते है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जी. माधव राव ने कहा जिस तरह से दीपावली पर हम अंधेरे मिटाने के लिए दीये जलाते है उसी तरह अपने अंदर इंसानियत का दीया जलाये, ताकि हम एक बेहतर इंसान बन जाये। संस्था के संरक्षक जी. राजू ने कहा कि जिस दिन हम मन का अंधकार मिटा देंगे, उस दिन समाज की तमाम बुराइयां खत्म हो जायेगी, इंसानियत की जगमग रोशनी में बुराई टिक ही नही पायेगी.इस अवसर पर संस्था के एम. वी. राव, बी. अक्कूम नायडू, , के. उमाशंकर राव, डॉ. मंजू तिवारी, एम. पापाराव, जगदीश, डी. येसैया, जी. जगन्नाथ राव, जी. माधव राव, बबलू, अंकुर जायसवाल, अंकित, वी. नवीन कुमार, वेंकट, जगदीश, यू. अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

### गाय भारतीय अर्थतंत्र और संस्कृति की आधारशिला, श्रीकृष्ण गौशाला में दी सेवा



**भिलाई।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर आर्य समाज के सदस्यों सहित आचार्य डॉ. अजय आर्य सपरिवार श्रीकृष्ण गौशाला दुर्ग पहुंचकर गौमाता की सेवा और पूजन किया। उन्होंने गौशाला परिसर में उपस्थित होकर गौमाता को चारा अर्पित कर दीप जलाए और गोसेवा के माध्यम से भारतीय परंपरा के इस जीवंत प्रतीक को नमन किया। इस अवसर पर आचार्य डॉ अजय आर्य सहित गौशाला परिवार के सदस्य एवं सेवक भी उपस्थित रहे।

डॉ. अजय आर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि गाय के महत्व को स्वीकार करने और उसकी रक्षा का संकल्प लेने का दिन है। गाय का दूध, गोमूत्र और गोबर तीनों ही आयुर्वेद, कृषि और चिकित्सा के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी हैं। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मनिर्भरता के भी आधार हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज को यह समझना होगा कि गाय केवल पूजनीय नहीं, बल्कि जीवंत आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक संसाधन है। भारतीय संस्कृति में गाय मातृत्व, समृद्धि और करुणा की प्रतीक मानी गई है। डॉ अजय ने बताया कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारतीय अर्थतंत्र और ग्राम्य जीवन के केंद्र में गाय को आवश्यक तत्व माना था। उन्होंने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'गौकरुणानिधि' में गाय का संपूर्ण अर्थशास्त्र, सामाजिक उपयोगिता और आर्थिक महत्व स्पष्ट किया था। स्वामी दयानंद ने लगभग 125 वर्ष पूर्व गौहत्या के विरोध में दो करोड़ लोगों के हस्ताक्षर अभियान चलाकर उस समय एक अभूतपूर्व जनजागरण किया था, जो भारतीय चेतना के इतिहास में अमिट उदाहरण है। इस अवसर पर डॉ. अजय आर्य के साथ उनकी धर्मपत्नी प्रोफेसर डॉ. मोनिका आर्य, पुत्र अक्षत आर्यांश, अक्षरा आर्य भी उपस्थित रहे।



● ब्रजमंडल सेक्टर 6 भिलाई के गीताभवन राधाकृष्ण मंदिर में निभाई पुरानी परंपरा

# गंगाजल मिश्रित दूध की धार और खील बताशे लेकर भक्तों ने की गोवर्धन की प्रदक्षिणा, भक्ति संगीत की सुंदर प्रस्तुति

**भिलाई।** पांच दिवसीय दीपावली पर्व की जगह-जगह धूम रही। जिसमें सभी समाज और समुदाय के लोग अपने अपने अनुसार परंपरा का निर्वहन किये।दीवाली पर्व के चौथे दिन सेक्टर 6 के ब्रजमंडल में गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत ऊंठाए कृष्ण प्रतिमा बनाकर 56 भोग लगाया और सभी भक्तों ने हाथों में गंगाजल मिश्रित दूध की धार और खील बताशे से गोवर्धन महाराज की प्रदक्षिणा ब्रजभाषा के प्रसिद्ध भजन श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह्यो.....' के साथ लगाई। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। साथ ही आंध्र प्रदेश के घुमंतू कलाकारों ने भक्ति संगीत की विशेष प्रस्तुति भी दी।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा गोवर्धन महापूजा अन्नकूट महोत्सव का परंपरागत रूप से आयोजन ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में किया गया।इस अवसर पर सुबह राधाकृष्ण मंदिर में भगवान के युगल विग्रह का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार और पूजन किया गया। इस अवसर पर शाम को गोधूलि बेला में यजमान विजय अग्रवाल, स्वतंत्र सिंह दुर्ग सपरिवार के द्वारा पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी और पंडित सुनील कुमार द्विवेदी ने भगवान गिरि महाराज का पूजन पुष्प, गंध, अक्षत और पारंपरिक खील-बताशे और अठावरी से भोग लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।







### की गोवर्धन महाराज की परिक्रमा

सभी भक्तों ने गंगाजल मिश्रित दूध की धार और खील बताशे से गोवर्धन महाराज की प्रदक्षिणा ब्रजभाषा के प्रसिद्ध भजन श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह्यो.....' के साथ की गई। इस अवसर पर सभी ब्रजवासियों ने आपस में मिलकर दीपावली महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुख समृद्धि और उज्जवल भविष्य की गिरिराज महाराज से प्रार्थना कर कामना की गई।
सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत में आंध्र प्रदेश के घुमंतू कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत की विशेष प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मंदिर में आये श्रद्धालुओं ने अपने घरों से लाए भोग द्वारा भगवान को छप्पन भोग का भावपूर्वक भोग अर्पण किया।

### महिलाओं ने संभाली बागडोर



ब्रजमंडल भिलाई महिला समिति के सदस्यों ने पूरी व्यवस्था की बागडोर संभाली हुई थी। जिसमें भावना तोमर, साधना गोयल, अनिता यदुवंशी,अनुराधा मंगल, सुनीता शर्मा, कुमकुम गुप्ता, मोनिका मंगला, सुनीता वर्मा, मनीषा गुप्ता, शशिप्रभा वर्मा, चित्रा राघव, के.वी. इंदिरा, श्वेता चौहान, मीना राणा, भारती गोयल, दीपशिखा राघव, ज्योति गुहे, निशा शर्मा की विशेष भूमिका रही। इस दौरान ब्रजमंडल के वरिष्ठ सदस्य जगदीश प्रसाद शर्मा, राजपाल सिंह राघव, रतनलाल गोयल, डॉ. आर.के. मंगल सहित राकेश कुमार यदुवंशी, गिरीश गुप्ता, अतिवीर सिंह राघव, सूरज मंगला, प्रदीप कुमार वर्मा, शील कुमार राघव, विरेन्द्र कुमार शर्मा, हरीश कुमार गुहे, राजकुमार वर्मा, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, राकेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार मित्तल, दिलीप कुमार वर्मा सपरिवार उपस्थित थे।

### 108 से व्यंजनों का लगाया भोग, गौ पूजन कर किया श्रृंगार





**भिलाई।** हरे कृष्ण मूवमेंट भिलाई द्वारा सेक्टर-6 अक्षय पात्र में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव पर संस्था के अध्यक्ष व्योम्पाद दास ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने व्रजवासियों को इंद्र की पारंपरिक पूजा त्यागकर गोवर्धन पर्व की पूजा करने का उपदेश दिया था। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने व्रजभूमि पर प्रचंड वर्षा की, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत को उठाकर व्रजवासियों की रक्षा की। इस घटना के माध्यम से भगवान ने यह संदेश दिया कि जो भी श्रीकृष्ण की आराधना करता है, उसे अन्य किसी देवता की पूजा की आवश्यकता नहीं है।उत्सव के दौरान 108 से अधिक प्रकार के व्यंजनों का अन्नकूट भोग तैयार कर भगवान श्री राधा-कृष्ण को अर्पित किया गया। इसके बाद भव्य गोवर्धन आरती, कीर्तन एवं गौ-पूजन का आयोजन हुआ।

## सजाई रंगोली

### भाई दूज पर टीका लगाकर बहनों ने की दीर्घायु की कामना, दिनभर चला सिलसिला

**भिलाई।** गुरुवार को भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भाई दूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान भाइयों के माथे टीके से सजे दिखाई दिए। दिन भर बहनों का अपने भाइयों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान भाइयों के माथे टीके से सजे दिखाई दिए। दिन भर बहनों का अपने भाइयों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती दीर्घायु की दुआ मांगी। वहीं सुबह से ही दुकानों पर खरीदारी करने के लिए महिलाओं और युवतियों का तांता लगा रहा। मिठाइयों से लेकर आकर्षक तोहफों की खरीदारी की गई। बहन-भाई के प्रेम को दर्शाता भाई दूज का त्योहार ट्विनसिटी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया गया।





## बच्चों ने सजाया राम दरबार

### दीपोत्सव के आयोजन में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, दिया प्रशस्ति पत्र




**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पूर्व दीपोत्सव के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रामलीला की मनमोहन प्रस्तुति दी गई। हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने भक्ति गीत और गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दी। अंतर शालेय प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। अंतर सदनीय विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सजीता थंबी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है तो हमें अपने क्रोध और अहंकार का त्याग कर अच्छे काम करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक एस सजीव, विद्यालय की प्रबंधक और प्राचार्या डॉ सजीता थंबी, उप प्राचार्या डॉ बीना संजीव और प्रधानाध्यापिका निशि साजन उपस्थित थे।

## कार्नर न्यूज

इकरा टीचर्स एसोसिएशन ने बच्चों का किया सम्मान

# जिंदगी में 'उजाला' चाहते हैं तो उगता सूरज देखने की आदत डालें, हौसला अफजाई से खिले होनहारों के चेहरे

**भिलाई।** इस्पात नगरी की सेवाभावी संस्था इकरा टीचर्स एसोसिएशन की ओर से होनहार बच्चों का सम्मान समारोह जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामुदायिक भवन में रखा गया। इस दौरान मुख्य अतिथि 21 वीं बटालियन बालोद में डिप्टी कमांडेंट डॉ. इरफानुल रहीम खान सहित सभी अतिथियों ने 10वीं और 12वीं में बेहतर अंक हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। वहीं विभिन्न समाजसेवी संगठनों के कार्यों को भी सराहा गया।
'इकरा' की सदर यास्मीन नाज ने अपने स्वागत भाषण में संस्था के कार्यों की जानकारी दी। समन्वयक एयू खान ने बताया कि मरहूम एमयू फारूकी ने कौम के जरूतमंद बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए 'सहाबा' की नींव रखी थी। उनके इसी काम को आगे बढ़ाते हुए संस्था की शुरूआत की गई और आज दोनों संस्थाएं मिल कर मुस्लिम नौजवानों के बेहतर मुस्तकबिल के लिए काम कर रही हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. इरफान ने कहा कि कुरआन की पहली आयत ही 'इकरा'है, जिसके मायने 'पढ़ो' होता है। इससे साफ है कि पढ़ना हम सबके लिए आदेश है, यह कोई स्वैच्छिक नहीं है। इसलिए तालीम हर हाल में हासिल कीजिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि अगर आपको अपनी जिंदगी में उजाला चाहिए तो रोज सुबह जल्दी उठ कर उगता सूरज देखने की आदत जरूर डालिए। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. ए. सिद्दीकी ने कहा कि हर मां-बाप अपने बच्चों को वक्त दें, उनके साथ बैठें और उनसे बात करें। हम सिर्फ ट्यूशन या कोचिंग के भरोसे बच्चों को छोड़ दें, यह ठीक नहीं। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि अगर आर्थिक वजह से मेडिकल की पढ़ाई में किसी नौजवान को दिक्कत आए तो वह इस पढ़ाई का खर्च उठाएंगे।



### प्लानिंग और मैनेजमेंट पर करना होगा फोकस

रिटायर डिप्टी कलेक्टर कदीर अहमद खान ने कहा कि अपने करियर के लिए आपको प्लानिंग और मैनेजमेंट पर फोकस करना होगा। समीना फारूकी ने कहा कि अपने करियर के लिए आपको अपना लक्ष्य, अपना इरादा तय करना होगा। दारुल क़ज़ा भिलाई के सदर ज़िल्लुर रहमान ने इस दौरान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की एलुमनी की ओर से जरूरतमंद बच्चों को तालीम के लिए बनाए गए मुस्लिम एजुकेशन फंड और शासन स्तर पर उच्च शिक्षा के लिए मिलने वाले लोन की जानकारी दी। निजामत कर रहे नवाब रौनक जमाल और समी अख्तर फारुकी ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की। अंत में आभार प्रदर्शन शकील अहमद खान ने किया। इस मौके पर आर्किटेक्ट फखरुद्दीन फारूकी, ए.यू. खान, शेख जाफर, सैयद जफर, शायना परवीन, गौसुलवरा खान, अजमेर खान, नसरीन नाज, शहनाज, शाहीन जहाँ, इश्तियाक अंसारी, अंजुम, हाजी अब्दुल हफीज, जाहिदा खान, हमीदुल्लाह सिद्दीकी, अंजुम अली, नसीम सुल्ताना, शाहीन खान और मुहम्मद जाकिर हुसैन सहित तमाम तंजीम के लोग मौजूद थे।

### नौजवानों ने जताया आभार, तंजीमों का हुआ सम्मान

इस दौरान 'इकरा' की पहल पर उच्च शिक्षा हासिल कर रहे नौजवानों ने भी अपनी बात रखी। इन लोगों ने बताया कि किन हालात में उन्हें 'इकरा' की वजह से अपने सपने पूरा करने का मौका मिल पाया। इन सभी ने 'इकरा' और उनके पदाधिकारियों का शुक्रिया कहा। आयोजन में मुस्लिम समुदाय के जरूरतमंद लोगों के बेहतर भविष्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय समाजसेवी संगठनों (तंजीमों) को सम्मानित किया गया। इनमें हजरत बीवी फातिमा जोहरा कमेटी, अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर कमेटी, जरिया फाउंडेशन, जकात फाउंडेशन, जमात-ए-इस्लामी और बैतुलमाल कमेटी शामिल है।

## हेल्थ टिप्स

### दिवाली के पकवान से पेट में बन रही है गैस, अपनायें कुछ उपाय



दिवाली की मिठाइयों और तले-भुने पकवानों के बाद पेट में गैस और भारीपन होना बेहद आम है। ये परेशानियां किसी को भी हो सकती है। अब आपको घबराने की कोई जरूरत नहीं है। आपको कुछ आसान, असरदार और घरेलू डिटॉक्स टिप्स जानना चाहिए जिनसे आपका शरीर जल्दी से रीसेट होगा और आप मिनटों में हल्का, ऊर्जावान और तरोताजा महसूस करेंगे। ये टिप्स पेट की परेशानी को कम करेंगे और ब्लोटिंग और गैस जैसी समस्याओं से भी राहत देंगे।

इन खास डिटॉक्स टिप्स की जानकारी न्यूट्रिशनिस्ट दीपशिखा जैन ने अपने इंस्टाग्राम से शेयर की है। दीपशिखा, जिनके पास ग्लोबल पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन (यूके) में एमएससी की डिग्री है और वह नेशनल डायबिटीज एजुकेटर भी हैं। उनका कहना है कि सही पानी की मात्रा, पोटैशियम से भरपूर फूड और हल्की एक्सरसाइज से शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद मिलती है और डाइजेशन दुरुस्त रहता है।

#### हाइड्रेटेड रहें

त्योहारों के दौरान हम अक्सर पानी पीना भूल जाते हैं, जिससे शरीर में सोडियम की मात्रा बढ़ जाती है और वाटर रिटेंशन होने लगता है। इसे रोकने और ब्लोटिंग कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीना बेहद जरूरी है। आप सिर्फ पानी ही नहीं, बल्कि बिना चीनी का नींबू पानी, खीरा और पुदीने वाला पानी या नारियल पानी भी पी सकती हैं।

यह फ्लशिंग एजेंट की तरह काम करता है, जो शरीर से एक्स्ट्रा सोडियम और त्योहारों में जमा हुए टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं। यह आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को सही करता है और कब्ज को दूर करता है।

#### एवोकाडो खाएं

क्या आप जानती हैं कि ब्लोटिंग और कब्ज का सबसे अहम कारण शरीर में सोडियम और



पोटैशियम का असंतुलन होता है। इसलिए, डाइट में एवोकाडो जैसा पोटैशियम से भरपूर फूड को शामिल करें।

यह जरूरी मिनरल सेल्स के अंदर फ्लुइड को बैलेंस करता है। यह सोडियम के प्रभाव को बेअसर करता है, जिससे गैस की समस्या में तेजी से कमी आती है और आपको तुरंत हल्कापन महसूस होता है।

#### हल्का वर्कआउट

हैवी खाना खाने के बाद बिस्तर पर पड़े रहना सबसे बड़ी गलती है। शरीर को हरकत में लाना जरूरी होता है। इसके लिए आपको तुरंत जिम जाने की जरूरत नहीं है। बस 20-30 मिनट की हल्की वॉक, स्ट्रेचिंग या हल्के योगासन करें। एक्सरसाइज करने से आपकी आंतों में फंसी हुई एक्स्ट्रा गैस बाहर निकल जाती है और डाइजेस्टिव सिस्टम तेज होता है। इससे मेटाबॉलिज्म भी अच्छा होता है, जिससे भारीपन तुरंत दूर होता है और आपको एक्टिव



महसूस होने लगता है। एक्सरसाइज करने से दिवाली की एक्स्ट्रा कैलोरी भी बर्न होती है। इन आसान तरीकों से आप दिवाली के बाद भी अपने शरीर को जल्दी रीसेट कर सकती हैं और गैस जैसी परेशानियों को तुरंत कम कर सकती हैं। पकवान खाने के बाद होने वाली गैस से राहत पाने के लिए आप अजवाइन, सौंफ, या हींग का सेवन कर सकते हैं।

इसके अलावा, गुनगुना पानी पिएं, हल्का टहलें या योग करें, और मसालेदार और तला-भुना खाना खाने से बचें।

#### तुरंत राहत के लिए

गुनगुना पानी पिएं। हल्का गर्म पानी पीने से गैस को बाहर निकालने में मदद मिलती है। अजवाइन, सौंफ, या जीरा चबाने से पाचन बेहतर होता है और गैस से राहत मिलती है। खाने के बाद थोड़ी देर टहलने से पाचन क्रिया सुचारू होती है। पवनमुक्तासन जैसे योगासन पेट में गैस निकालने में प्रभावी होते हैं।

#### लंबे समय के लिए बचाव

मसालेदार और तला हुआ खाना कम खाएं। ये खाद्य पदार्थ गैस और एसिडिटी का कारण बन सकते हैं। धीरे-धीरे और चबा-चबाकर खाएं। इससे भोजन ठीक से पचता है और गैस बनने की संभावना कम होती है।

### वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बन चुका है डायबिटीज

# डायबिटीज कंट्रोल रखने क्या खाएं-क्या नहीं ये पता करना हुआ आसान,रहिए तनावमुक्त

डायबिटीज वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में 53 करोड़ से अधिक लोग इस रोग के शिकार हैं। साल दर साल इस क्रोनिक बीमारी का खतरा बढ़ता ही जा रहा है, एक अध्ययन में आशंका जताई गई है कि जिस गति से डायबिटीज रोगियों की संख्या बढ़ रही है, ऐसे में साल 2050 तक ये आकड़ा बढ़कर 1.3 बिलियन (130 करोड़) से अधिक हो सकता है। इस रोग से बचाव को लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दी जाती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज में ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल करने के लिए लाइफस्टाइल और आहार पर विशेष ध्यान देते रहने की सलाह दी जाती है। इसे कंट्रोल करने के लिए जरूरी है कि आप आहार में उन चीजों को शामिल करें जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है।

ग्लाइसेमिक इंडेक्स, एक मापक है कि कोई विशेष भोजन रक्त में ग्लूकोज के स्तर को कितना बढ़ाता है। पर कैसे जानें कि किसी फल या आहार का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कितना है? इसे मापने के लिए वैज्ञानिकों ने अब एक खास डिवाइस तैयार कर



ली है।

#### ग्लाइसेमिक इंडेक्स का पता लगाने वाला डिवाइस

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी (आईआईटीजी) ने विभिन्न खाद्य स्रोतों के ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) का पता लगाने के लिए एक पोर्टेबल, किफायती और विश्वसनीय उपकरण विकसित किया है, जो मधुमेह प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर दीपांकर बंद्योपाध्याय के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने पॉइंट-ऑफ-केयर-टेस्टिंग (पीओसीटी) प्रोटोटाइप विकसित किया है जो लगभग पांच मिनट में सामान्य खाद्य स्रोतों के ग्लाइसेमिक इंडेक्स का पता लगा सकती है। इस डिवाइस की मदद से लोगों के लिए यह पता करना आसान हो जाएगा कि उन्हें किन चीजों का सेवन करना चाहिए और किनका नहीं?

#### डायबिटीज में क्या खाएं, इसका पता लगाना होगा आसान



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, ज्यादातर लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि मधुमेह में किन फलों को खाया जा सकता है? हाई ग्लासेमिक इंडेक्स वाले भोजन तेजी से ब्लड शुगर को बढ़ा देते हैं।

प्रोफेसर दीपांकर कहते हैं, हमने जिस डिवाइस को विकसित किया है वह डायबिटीज के प्रबंधन में काफी मददगार हो सकती है। क्रैकर्स, बिस्कुट, चिप्स और ब्रेड




जैसे फास्ट फूड पर डिवाइस का परीक्षण किया तो हमने पाया कि क्रैकर्स में सबसे अधिक तेजी से पचने योग्य स्टार्च (आरडीएस) होते हैं, इससे ब्लड शुगर के बढ़ने का खतरा रहता है।

#### रियल टाइम ग्लाइसेमिक इंडेक्स का चलेगा पता

अमेरिकन केमिकल सोसाइटी द्वारा सस्टेनेबल केमिस्ट्री एंड इंजीनियरिंग जर्नल में प्रकाशित शोध में प्रोफेसर बंद्योपाध्याय बताते हैं, खाद्य पदार्थों का रियल टाइम ग्लाइसेमिक इंडेक्स का पता चलना मददगार हो सकता है। इस डिवाइस की मदद से खाद्य पदार्थों का चयन करना आसान होगा। दुनिया की कामकाजी आबादी के बीच फास्ट फूड का चलन बढ़ने के साथ ही इस तरह के पोर्टेबल डिवाइस की आवश्यकता थी।



## आपके वेट गेन में कारगर हैं फिटनेस टिप्स, आजमाइए

विक्की कौशल बॉलीवुड के सबसे सफल यंग एक्टर्स में से हैं। फिल्म 'मसान' से बॉलीवुड में कदम रखने वाले विक्की कौशल आज अपनी एक्टिंग से पूरे देश का दिल जीत चुके हैं। 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक', 'सरदार उधम सिंह', 'राजी', और 'संजू' जैसी बेहतरीन फिल्म में विक्की कौशल नज़र आ चुके हैं।

विक्की कौशल की खास बात ये है कि वो अपनी फिटनेस की वजह से भी जाने जाते हैं। हालांकि, विक्की कौशल अपनी पहली फिल्म में सिंपल और पतले-दुबले लड़के के किरदार में दिखाई दिए थे, लेकिन बाकी फिल्मों में एक्टर का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला है। विक्की के ट्रांसफॉर्मेशन की जर्नी की टिप्स को फॉलो कर कई पुरुष खुद में भी बदलाव ला सकते हैं।

#### पतले लोगों का फास्ट मेटाबॉलिज्म



विक्की कौशल की जो पर्सनालिटी है वो भी पतले-दुबले पुरुषों में ही आती है। जो लड़के पतले-दुबले होते हैं। असल में उनका मेटाबॉलिज्म बहुत हाई होता है। वेट गेन करने के लिए उन्हें काफी कैलोरी लेनी होती है। मेटाबॉलिज्म हाई होने की वजह से उनका वजन बढ़ना काफी मुश्किल होता है। अच्छी डाइट और वर्कआउट के साथ पुरुष अच्छी बॉडी बना सकते हैं।

#### ज्यादा नींद लें

जो लोग पतले-दुबले हैं। उन्हें ज्यादा से ज्यादा सोने की जरूरत होती है। इससे उनके शरीर को आराम मिलता है। इससे मांसपेशियों को विकसित होने में मदद मिलती है। शरीर को आराम देने से वजन बढ़ता है।

#### अच्छे से खाएं खाना

ये आम बात है कि यदि आप पतले हैं, तो आपको वजन बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा खाना खाना होगा। वजन बढ़ाने के लिए एक डाइट की ज्यादा जरूरत होती है। जो आपकी बॉडी को हेल्दी बनाए। साथ ही आपका वजन भी बढ़ाए।

#### रोजाना करें वर्कआउट

जरूरी नहीं है कि जो लोग मोटे होते हैं, वही केवल जिम या योग करते हैं। जो लोग पतले-दुबले होते हैं। वो भी जिम जाकर रोज एक्सरसाइज कर सकते हैं।



अगर आप शोल्डर प्रेस, बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट जैसी एक्सरसाइज करते हैं। तो इससे आपकी मांसपेशियां शेप में आने लगती है। हार्डकोर वर्कआउट करने के बाद अच्छी हेल्दी डाइट लें। रोज़ाना ये रूटीन फॉलो करने से आपकी बॉडी में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिलेगा।

## घर में रखें ऐसी हाथी की मूर्ति, जीवन में सदैव बनी रहेगी कुशलता

आपके घर में कई ऐसी चीजें होती हैं जो घर के वास्तु दोषों को दूर करती हैं। ऐसी ही चीजों में से एक है हाथी की मूर्ति। आइए जानें वास्तु के अनुसार इस मूर्ति को किस दिशा और स्थान पर रखना चाहिए।

वास्तु शास्त्र में हाथी को समृद्धि, बुद्धि और शक्ति प्रतीक माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि आपके घर में यदि हाथी की मूर्ति रखी है तो इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आ सकती है। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय से वित्तीय स्थिरता बढ़ सकती है और व्यक्ति के समग्र कल्याण को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि यदि आप इस मूर्ति को सही स्थान पर नहीं रखते हैं तो इसके फायदे की जगह नुकसान होने लगते हैं। अगर आप घर में हाथी की मूर्ति रखते हैं तो आपको वास्तु के नियमों का पालन जरूर करना चाहिए।

हाथी की मूर्ति रखने से आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा, वित्तीय लाभ और आध्यात्मिक प्रगति हो सकती है। इस तरह की मूर्ति का अधिकतम लाभ पाने के लिए आपको इस बात का ध्यान रखने की जरूरत होती है कि मूर्ति का मुख उत्तर-पूर्व या उत्तर दिशा की ओर हो। इसके अलावा आप हाथी की मूर्ति को घर के दक्षिण-पूर्व कोने में भी रख सकते हैं। यह एक ऐसी दिशा है जो धन और समृद्धि को नियंत्रित करती है। इस क्षेत्र में रखी एक हाथी की मूर्ति वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दे सकती है और आपके जीवन के लिए कई अवसरों को आकर्षित कर सकती है। हालांकि इन दिशाओं में आपको हाथी की बहुत बड़ी मूर्ति नहीं रखनी



चाहिए। क्योंकि इससे आपके घर का संतुलन बिगड़ सकता है। इनके अलावा आप उत्तर-पश्चिम कोने में भी हाथी की मूर्ति रख सकते हैं।

#### इन दिशाओं में भूलकर भी न रखें हाथी की मूर्ति

वास्तु के अनुसार, हाथी की मूर्ति रखने के लिए दक्षिण-पश्चिम दिशा से बचना चाहिए। यह कोना स्थिरता का प्रतिनिधित्व करता है और इस स्थान पर ऐसी वस्तुएं नहीं रखी होनी चाहिए जो आपके घर की ऊर्जा के प्रवाह को बाधित करती हों। इस दिशा में हाथी की मूर्ति रखने से ऊर्जा प्रवाह में असंतुलन हो सकता है। इसके प्रभाव से आपके कामों में बाधाएं आ सकती हैं।

#### मुख दिशा क्या होनी चाहिए

हाथी की मूर्ति का मुख आदर्श रूप से उत्तर या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि यह स्थिति ब्रह्मांड से सकारात्मक ऊर्जा और आशीर्वाद को आकर्षित करती है।

## परफेक्ट फूली हुई ब्रेड चाहिए तो बेकिंग से पहले आटे की यूं करें जांच

अगर आप घर पर ब्रेड बना रही हैं और उसे सख्त या कच्चा नहीं बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आपको पहले आटे को एक बार चेक जरूर करना चाहिए। इसके लिए अपनाएं कुछ आसान तरीके।

#### उंगली से करें चेक

यह आटे को चेक करने का सबसे आसान और भरोसेमंद तरीका है। इसके लिए आप आटे को अपनी उंगली की मदद से हल्का दबाएं, लगभग आधा इंच। अगर अगर गड्ढा धीरे-धीरे आधा वापस उभरता है तो इसका मतलब है कि आटा बिलकुल तैयार है। लेकिन अगर वह तुरंत उभरता है तो आपके आटे को अभी थोड़ा और रेस्ट चाहिए।



#### आटे के वॉल्यूम को करें चेक

आटे के वॉल्यूम की मदद से भी काफी कुछ पता लगाया जा सकता है। बेक करने से पहले आपका आटा दोगुना या थोड़ा ज्यादा होना चाहिए। सही तरह से चेक करने के लिए आप इसे किसी ट्रांसपेरेंट कंटेनर में रखें। प्रूफिंग से पहले ऊंचाई मार्क कर लें। जब यह लगभग दोगुना हो जाए तो इसका मतलब है कि यह तैयार है। अगर यह दोगुना नहीं होता है तो आटे को कुछ देर और रेस्ट करने दें।

#### करें स्ट्रेच टेस्ट

यह भी आटे को चेक करने का एक अच्छा तरीका है। इसके लिए आप आटे का एक छोटा टुकड़ा लें और अपने उंगलियों के बीच धीरे-धीरे खींचें। अगर ये बिना फटे पतली, पारदर्शी लेयर जैसा बन जाए, तो इसका मतलब है कि यह बेक करने के लिए तैयार है। वहीं, अगर आटा जल्दी फट जाता है, तो उसे थोड़ी देर रेस्ट देने की जरूरत है।

कार्नर न्यूज

### योगासन देता है आपको चुस्ती-फुर्ती

# शरीर में खून की कमी हो तो इन योगासनों का करें अभ्यास, रक्त संबंधी समस्याएं होंगी दूर

स्वस्थ शरीर के लिए रक्त की भूमिका महत्वपूर्ण है। रक्त ऑक्सीजन को फेफड़े से लेकर कोशिकाओं तक और कोशिकाओं से कार्बन डाइऑक्साइड को लेकर फेफड़ों तक पहुंचाने का कार्य करता है। भोजन से प्राप्त पोषक तत्वों जैसे ग्लूकोज को भी कोशिकाओं तक पहुंचाता है। साथ ही हार्मोन शरीर के उपयुक्त स्थानों तक रक्त के जरिए ही पहुंचते हैं। हालांकि पोषण की कमी और अन्य कई कारणों से रक्त संबंधी विकार हो सकते हैं, जिसके कारण शरीर सही तरीके से कार्य नहीं कर पाता। शरीर में खून की कमी, रक्तस्त्राव विकार जैसे हीमोफिलिया, रक्त के थक्के और रक्त कैंसर आदि कई रक्त के विकार हैं। रक्त संबंधी किसी भी समस्या पर सीधे डॉक्टर से संपर्क करें।

योग विशेषज्ञ कहते हैं कि रक्त विकारों से बचने के लिए नियमित तौर पर योगाभ्यास लाभकारी हो सकता है। कई योग खून की कमी को दूर करने, रक्त प्रवाह को बेहतर बनाने और खून के थक्के या ब्लड क्लॉटिंग की समस्या से बचाव करते हैं। अगली स्लाइड्स में रक्त संबंधी समस्याओं से निजात पाने के लिए फायदेमंद योगासनों के बारे में



बताया जा रहा है।

#### उज्जाई प्राणायाम

उज्जाई प्राणायाम के अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है। इस योगासन से पाचन क्रिया बेहतर होती है। योगासन के नियमित अभ्यास से लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और एनीमिया की समस्या दूर होती है। साथ ही थायराइड से भी राहत मिलती है।

#### उज्जाई प्राणायाम के अभ्यास का तरीका

स्टेप 1- पद्मासन की स्थिति में बैठकर पूरे शरीर को शिथिल कर लें।

स्टेप 2- श्वास लेते हुए अपना ध्यान गले पर ले आएं, कल्पना करें कि श्वास गले से आ जा रही है।

स्टेप 3- श्वास लंबी और गहरी हो, ऐसा 10-15 मिनट करें।

#### सूर्यभेदी प्राणायाम

सूर्यभेदी प्राणायाम के अभ्यास से शरीर में ऊर्जा बढ़ती है और रक्त विकार तेजी से कम हो सकते हैं। यह आसन लाल रंग कोशिकाओं के निर्माण में मदद करते हैं। इस योग के अभ्यास दमा, खांसी, कफ, साइनस, ह्रदय, पाइल्स जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है।


#### सूर्यभेदी प्राणायाम करने का तरीका

स्टेप 1- सबसे पहले पद्मासन या सुखासन की स्थिति में बैठकर कमर, गर्दन, पीठ को सीधा करें।

स्टेप 2- बाएं हाथ की उंगलियों को बाएं पैर पर ज्ञान मुद्रा में रखें और दाएं हाथ की दो उंगलियों से बाएं नासिका छिद्र को बंद कर दें।

स्टेप 3- अब दाएं नासिका छिद्र से सांस लेते हुए दोनों हाथ की उंगलियों से दाएं नासिका को बंद करके क्षमतानुसार सांस रोकें।

स्टेप 4- इस प्रक्रिया को 10 बार दोहराएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हॉलीवुड कैटी को किस करते दिखे कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन, वायरल हुईं ऐसी तस्वीरें



कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो और हॉलीवुड की पॉप सिंगर कैटी पेरी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को एक याट पर एक साथ देखा गया। इन तस्वीरों में 40 वर्षीय गायिका टूडो के साथ थीं।। कैटी पेरी ने काले रंग का स्विमसूट पहना था, वहीं 53 वर्षीय टूडो बिना शर्ट के जींस में नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें वायरल हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शैडो ऑफ इजरा नाम के वेरिफाइड अकाउंट से टूडो और कैटी पेरी की तस्वीरें शेयर की गई हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि याट पर दोनों एक दूसरे से गले मिल रहे हैं। दावा है कि ये तस्वीरें कथित तौर पर सितंबर में कैलिफोर्निया के सांता बारबरा तट पर ली गई थीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने डेली मेल को बताया 'उन्होंने अपनी याट व्हेल देखने वाली एक छोटी सी याट के पास रोकी और फिर वह आपस में मिलने लगे। मुझे तब तक पता नहीं चला कि वह किसके साथ थीं, जब तक मैंने उस आदमी की बांह पर टैटू नहीं देखा। इसके बाद मुझे तुरंत एहसास हुआ कि वह जस्टिन टूडो थे।' जस्टिन टूडो और कैटी पेरी के बारे में चर्चा तब शुरू हुई जब टूडो और पेरी को इसी जुलाई में एक साथ डिनर डेट पर देखा गया। इसके बाद दोनों को माउंट रॉयल पार्क में टहलते हुए देखा गया। हाल ही में कैटी पेरी और ऑरलैंडो ब्लूम के बीच करीब 10 साल के रिश्ते और सगाई के बाद ब्रेकअप हुआ है। दोनों अब अपनी 4 साल की बेटी डेजी डोव ब्लूम की को-पेरेंटिंग कर रहे हैं। वहीं, जस्टिन टूडो ने अगस्त 2023 में अपनी पत्नी सोफी ग्रेगॉयर टूडो से 18 साल की शादी के बाद अलग होने की घोषणा की थी। दोनों के तीन बच्चे हैं– जेवियर, एला-ग्रेस और हैड्रियन। यह गौरतलब है कि जस्टिन टूडो और कैटी पेरी दोनों में से किसी ने भी आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है।

### टॉलीवुड

## टॉलीवुड एआई द्वारा तस्वीरों से छेड़छाड़ करने पर एक्ट्रेस प्रियंका भड़कीं, बोलीं- 'ये बंद करें...'



आजकल एआई जितना लोगों के लिए वरदान के रूप में काम कर रहा है। उतना ही इसका दुरूपयोग भी हो रहा है। साउथ एक्ट्रेस प्रियंका मोहन की तस्वीर के साथ एआई से छेड़छाड़ कर उसे वायरल किया जा रहा है। इसपर अभिनेत्री ने एक पोस्ट कर इन करतूतों को करने वालों को करारा जवाब दिया है। साथ ही लोगों से सावधान रहने के लिए कहा है। चलिए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या बोला। अभिनेत्री प्रियंका मोहन ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने एआई के जरिए उनकी तस्वीर से छेड़छाड़ करने के बारे में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ₹मुझे गलत तरीके से चित्रित करने वाली कुछ एआई-जनरेटेड तस्वीरें वायरल हो रही हैं। कृपया इन फर्जी तस्वीरों को शेयर या फैलाना बंद करें।₹ प्रियंका मोहन ने नेटिजन्स से भी अनुरोध किया कि वे जो भी शेयर करें, उसमें सावधानी बरतें। उन्होंने आगे कहा, 'हम जो बनाते हैं और जो शेयर करते हैं, उसमें सावधानी बरतें।' कुछ हफ्ते पहले, साई पल्लवी ने एक हैरान कर देने वाला पोस्ट किया था। इससे पता चला कि वायरल तस्वीर में उन्हें एआई के जरिए अभद्र तरीके से पेश किया गया था, जिसका उन्होंने विरोध किया था। पवन कल्याण अभिनीत ₹दे कॉल हिम ओजी ऑर ओजी₹ 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई है। सुजीत द्वारा निर्देशित इस एक्शन ड्रामा में प्रियंका मोहन ने ओजस की पत्नी डॉ. कनमनी के अपने प्यार भरे किरदार से दर्शकों का दिल जीत लिया।

### भोजपुरी

## नीलम का बिग बॉस-19 में छलका तलाक पर दर्द, बताई अपनी दास्तान



'बिग बॉस 19' में मजबूत खिलाड़ी नजर आ रहीं भोजपुरी एक्ट्रेस नीमल में अपनी शादी और फिर तलाक को लेकर बातें की हैं। उन्होने बताया कि उनकी शादी उनका एक गलत फैसला था। अपने तलाक के बारे में बात करते हुए नीलम ने तान्या से कहा- उस रिश्ते में कभी खुशी का एक पल भी नहीं आया। 'बिग बॉस 19' में घर के मजबूत कंटेस्टेंट्स में से एक भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी भी हैं। नीलम शो में अपनी शानदार पर्सनैलिटी को बखूबी दिखाती नजर आ रही हैं। हर मौके पर एक इंडिपेंडेंट खिलाड़ी के तौर पर खुद को साबित करने में वो सफल भी दिख रही हैं। उन्होंने तान्या मित्तल से बातचीत में हाल ही में अपनी शादी और तलाक को लेकर बातें कीं। इसी के साथ उन्होंने अपने बचपन की तकलीफ भी शेयर की जब परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। हालांकि, नीलम इस शो में अपनी पर्सनल लाइफ के पत्तों को खोलने की कभी कोशिश नहीं करतीं। उन्होंने इस रियलिटी शो में अपनी पर्सनल बातों को शो से दूर रखती हैं। हालांकि, हाल ही में तान्या मित्तल के साथ बातचीत के दौरान, नीलम ने पहली बार अपने तलाक के बारे में बात की। इस शो में एक भावुक मोमेंट तब आया जब तान्या ने नीलम से खुलकर बातचीत की। बातचीत हल्के-फुल्के अंदाज में शुरू हुई, लेकिन जल्द ही वो इमोशनल होती दिखीं। बात की शुरुआत तान्या मित्तल से हुई।

### सर्दी की तैयारी



लाइफ स्टाइल

दीपावली के बाद त्यौहार तो भरपूर है लेकिन मौसम का मिजाज भी बदल रहा है। ठंड पड़ने लगी है। ऐसे में पुरुषों के सर्दियों के कपड़ों की सूची फैशन फर्म जारी कर चुकी हैं। हर पुरुष को साल 2025 की सर्दियों के लिए कुछ लेटेस्ट ट्रेंडिंग कपड़े तलाशने भटकने की जरूरत नहीं क्योंकि अब सब कुछ ऑन लाइन जो मौजूद है। तो आकर्षक कपड़े भी आपके स्टाइल को संवारने के लिए मददगार साबित होंगे।

## पैरों के नाखून हो गए हैं काले तो इन्हें साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके



अगर आपके पैरों के नाखून काले हो गए हैं, तो आप उन्हें कुछ चीजों का इस्तेमाल करके घर पर ही साफ कर सकते हैं। भले ही लोग कितना भी अच्छे से तैयार हो जाएं, लेकिन अगर उनके पैर अच्छे नहीं दिख रहे, तो उनका पूरा लुक खराब हो सकता है। दरअसल, अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने चेहरे के साथ-साथ हाथों का भी काफी ध्यान रखते हैं। इसके लिए मेनीक्योर भी कराते हैं, ताकि हाथ और हाथों के नाखून खूबसूरत दिखें लेकिन पैरों का ध्यान किसी को नहीं रहता। यही वजह है कि पैरों में गंदगी जमने लगती है। जब ये गंदगी ज्यादा जम जाती है तो पैरों के नाखून काले पड़ने लगते हैं।

ऐसे में जब आप कहीं तैयार होने के बाद हील्स पहनते हैं तो आपके नाखून आपके पैरों की खूबसूरती बिगाड़ देते हैं, जिसकी वजह से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। आप चाहें तो पार्लर जाकर पेडिक्योर करा सकते हैं, नहीं तो घर पर ही कुछ चीजों का इस्तेमाल करके नाखूनों की गंदगी को साफ कर सकते हैं। आज के लेख में हम आपको घर पर ही नाखून साफ करने के तरीके बताने जा रहे हैं।

### बेकिंग सोडा

इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। नाखूनों को सफेद करने के लिए आपको बस बेकिंग सोडे को गर्म पानी में मिलाकर इसका पेस्ट नाखूनों पर लगाना है। लगाने के कुछ देर बाद इसे अच्छे से धो लें। कुछ दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### टूथपेस्ट

दांतों की सफाई के साथ-साथ टूथपेस्ट पैरों के नाखूनों की सफाई का काम भी करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप सीधा पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे धो दें।

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं स्टाइलिश और मिनिमल लुक






आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज



जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। इनमें सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस शामिल हैं।

### ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

## रूप निखारने कच्चे दूध का करें इस्तेमाल, त्वचा हो जायेगी जवां



त्वचा की देखभाल करने के लिए आपको सबसे पहले स्किन टाइप को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप किसी स्किन एक्सपर्ट की सलाह ले सकती हैं।

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।

### कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइस्चराइज नजर आती है।

### शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे

त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है।

## बेहद फायदेमंद है लकड़ी की कंघी जानें इसे इस्तेमाल करने के लाभ



हर कोई बाल को संवारने के लिए कंघी का इस्तेमाल करता है। लोग ध्यान नहीं देते लेकिन कंघी की क्वालिटी आपके बालों पर गहरा असर डालती है। ऐसे में अक्सर विशेषज्ञ लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। जी हां, बाल कंघी करने के लिए लकड़ी की कंघी को ही सबसे बेस्ट माना जाता है। इसमें कई प्रकार के गुण पाए जाते हैं, जो बालों से जुड़ी तमाम परेशानियों को दूर करते हैं।

प्लास्टिक की कंघी से बालों की उलझन दूर तो हो जाती है, लेकिन बाल वापस से फ्रिजी हो जाते हैं, जिसके बाद बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में अगर आप लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करेंगे तो बालों को सुलझाने में दिक्कत नहीं होगी और ना ही बाल झड़ेंगे।

लकड़ी की कंघी के इस्तेमाल से स्कैल्प की मालिश होती है। ऐसे में अगर आप रोजाना लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जाएगा। सिर के स्कैल्प से कई प्रकार के नेचुरल ऑयल निकलते हैं, ऐसे में लकड़ी की ये कंघी इस ऑयल को बालों में बराबर बांटने का काम करती है। ये ऑयल बालों में प्राकृतिक चमक प्रदान करता है। इसी के चलते बालों में प्राकृतिक नमी बरकरार रहती है।

लकड़ी की कंघी में कई प्रकार के नेचुरल एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जोकि सिर पर होने वाले इंफेक्शन के खतरे को कम कर देते हैं।

बाजार में मिलने वाली नीम या चंदन से बनी कंघी बालों को बेहद खूबशूदार बनाती है। ऐसे में सिर में पसीने की वजह से आने वाली बदबू से छुटकारा मिलता है।

कार्नर न्यूज

### आज के दौर की पहचान कर्ली हेयर लुक

## नेचुरल कर्ली हेयर लुक बनता जा रहा जेन-जी की पसंद, इन टिप्स से मिल सकता है बेहतर रिजल्ट

बालों के स्टाइल को लेकर आप बहुत सतर्क रहते हैं। आपको बालों में हमेशा कुछ नया करते रहने का भी शौक है तो कभी न कभी आपको कर्ली हेयर लुक रखने का मन भी किया होगा। आज की नई पीढ़ी यानि जेन-जी में कर्ली हेयर लुक को लेकर दीवानगी देखी जा रही है। अगर ऐसा है और आपके बाल कर्ली नहीं हैं तो भी आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। आपको इसके लिए कुछ बेहद छोटे-छोटे टिप्स याद रखने हैं ताकि आपको नेचुरल कर्ली हेयर लुक मिल सके। क्या करना होगा आपको, जानते हैं-

### रोज-रोज नो हेयर वॉश



आपको ये पता होना चाहिए की आप जितना ज्यादा बाल धोएंगे, बालों के कर्ल होने की संभावना भी कम होती जाएगी। बालों में मौजूद नेचुरल ऑयल के साथ बालों को हेल्थी रखते हैं। नेचुरल ऑयल के साथ बाल आपस में कुछ इस तरह से जुड़ जाते हैं कि कर्ल अपने आप ही दिखने लगते हैं। इसलिए शैंपू भी सिलीकॉन और सल्फेट वाला नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि ये बालों की नामी और ऑयल छीन लेते हैं।

### कितने कर्ल कितनी बार वॉश

अलग-अलग तरह के कर्ल के लिए बाल धोने की संख्या भी बदल जाती है। ढीले कर्ल्स के लिए हफ्ते में 2 से 3 बार बाल धोए जा सकते हैं। टाइट रिंग्स के लिए हफ्ते में एक बार बाल धोएं और एक बार सिर्फ कंडिशनर कर लें।

### बड़े दांत वाला कंघा

अपने बालों में कर्ल्स जल्द से जल्द देखने हैं तो आपको ब्रश करने की बजाए बड़े दांत वाले कंघे का इस्तेमाल करना होगा।ब्रश करने से बालों के कर्ल्स खुल सकते हैं।

### बालों को खुद सूखने दें

बालों को नेचुरली सूखने देना इनमें कर्ल्स बने रहने देने का सबसे आसान तरीका है। इसलिए बालों को हेयर ड्रायर से ना सुखाएं। प्राकृतिक घुंघराले बालों के लिए आप माइल्ड या सल्फेट-फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें, नियमित रूप से कंडीशन करें और मॉइस्चराइजिंग तेल जैसे बादाम, नारियल या आर्गन तेल का उपयोग करें। बालों को स्वस्थ और परिभाषित रखने के लिए, कर्ल बढ़ाने वाले उत्पाद जैसे कि मूस का उपयोग करें और बालों को हवा में सूखने दें या कर्लर का उपयोग करने से बचें। स्टाइलिंग के लिए, आप ₹हाफ-अप, हाफ-डाउन₹ जैसी स्टाइल अपना सकते हैं या कर्ली अंडरकट लुक के साथ अपने कर्ल्स को स्टाइल कर सकते हैं।

### शैम्पू और कंडीशन

घुंघराले बालों को हाइड्रेट रखने के लिए माइल्ड या सल्फेट-फ्री, हाइड्रेटिंग शैंपू का उपयोग करें। घुंघराले बालों को अक्सर शैम्पू करने की ज़रूरत नहीं होती है और कंडीशनर को अधिक बार इस्तेमाल करें।

### बालों को धोना

शैम्पू और कंडीशन करने के बाद, बालों को धीरे-धीरे स्क्वीज़ करें और मूस या कर्ल क्रीम लगाएं। बालों को हवा में सूखने दें या डिफ्यूज़र के साथ कम हीट सेटिंग पर सुखाएं। अगर आपके बाल बहुत उलझे हुए हैं, तो आप केराटिन ट्रीटमेंट या कर्ल-एन्हांसिंग शैम्पू और कंडीशनर का उपयोग कर सकते हैं।

